मंईयां

# मेट्रो Rays
आगे रखने का वादा

रांची, शुक्रवार, 13 सितंबर 2024
संवत 2081, भाद्रपद शुक्ल 10 मूल्य-2 रुपये
वर्ष-8, अंक 09 , पृष्ठ-9, RNI No.-JHAHIN/2017/75028
सांध्य दैनिक



4 ▸▸ अमेरिका में बिगड़ती आर्थिक एवं सामाजिक स्थिति

पेरिस फैशन वीक में डेब्यू के लिए तैयार आलिया ◂◂ 6



न्यूज ब्रीफ



## मासस का भाकपा माले में पूर्ण विलय संपन्न: दीपांकर

**रांची :** भाकपा माले महासचिव दीपांकर भट्टाचार्य ने कहा कि मासस का भाकपा माले में पूर्ण विलय संपन्न हो गया है। इस प्रक्रिया के तहत मासस के पांच नेताओं को केंद्रीय कमेटी में शामिल किया गया है, जिनमें आनंद महतो, हलधर महतो, अरूप चटर्जी, आरडी मांझी, और आमंत्रित सदस्य निताई महतो शामिल हैं। यह विलय प्रक्रिया ऐतिहासिक महत्व का है। यह झारखंड के साथ-साथ देश की राजनीति को जन आधारित मुद्दों पर संघर्ष को तेज करेगा। महासचिव दीपांकर भट्टाचार्य ने आगामी जम्मू-कश्मीर, हरियाणा, और महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों में इंडिया गठबंधन के सहयोगियों का समर्थन करने की बात की और झारखंड विधानसभा में इंडिया गठबंधन के साथ मजबूत दावेदारी के साथ चुनाव लड़ने का संकेत दिया। मजदूर आंदोलन और झारखंड आंदोलन का केंद्र छोटानागपुर रहा है, और भाकपा माले और मासस का आंदोलन भी मजबूत रहा है। पलामू प्रमंडल में भी पार्टी का जनाधार मजबूत है, इसलिए पार्टी यहां भी मजबूत दावेदारी पेश करेगी और भाजपा को झारखंड से बेदखल करेगी। वे रांची में आयोजित प्रेस कांफ्रेस में बोल रहे थे।

**झारखंड में निजीकरण और रोजगार संकट पर जताई चिंता :** दीपांकर भट्टाचार्य ने झारखंड में निजीकरण और रोजगार संकट के बढ़ते प्रभाव पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि निजीकरण की वजह से आम लोगों की समस्याएं बढ़ रही हैं और रोजगार के लिए स्थायी समाधान नहीं मिल पा रहा है। केंद्र की भाजपा सरकार झारखंड की खनिज-संपदा और जल-जंगल-जमीन पर एकाधिकार जमाना चाह रही है, जिससे अशिक्षा, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार, और पलायन की समस्याएं बढ़ेंगी। झारखंड की गठबंधन सरकार को विभिन्न केंद्रीय जांच एजेंसियों और राज्यपाल के माध्यम से शासन-प्रशासन को अस्थिर करने की लगातार कोशिश की जा रही है। इसके परिणामस्वरूप आरएसएस के माध्यम से धार्मिक उन्माद फैलाया जा रहा है, जिसका दुष्परिणाम कुछ स्थानों पर देखा गया है।

## पिछले दरवाजे से एनआरसी लागू करना चाहती है भाजपा : कांग्रेस

**रांची :** भाजपा झारखंड में सांप्रदायिक ध्रुवीकरण करना चाहती है। यह आरोप लगाते हुए प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता सोनाल शांति ने कहा कि केंद्र सरकार पिछले दरवाजे से झारखंड में एनआरसी लागू करना चाहती है। केंद्र सरकार ने न्यायालय में दाखिल अपने हलफनामे में जनसंख्या वृद्धि का आंकड़ा पेश कर उसे घुसपैठ से जोड़ने की कोशिश की है। केंद्र सरकार द्वारा जो आंकड़े दिए गए हैं, वह सीधे अल्पसंख्यकों को निशाना बनाने की कोशिश में पहला कदम है। चुनावी जीत के लिए सांप्रदायिक मसला झारखंड में केंद्र सरकार तैयार करने की कोशिश कर कर रही है। अगर झारखंड में घुसपैठ हुई है तो इसके लिए केंद्र सरकार के गृह मंत्रालय को सीधे जिम्मेवारी लेनी चाहिए, प्रधानमंत्री और गृह मंत्री को यह स्वीकार करना चाहिए कि उनके नेतृत्व में देश की सीमाएं सुरक्षित नहीं है।

**झारखंड को टुकड़ों में बांटने की मंशा :** उन्होंने कहा कि जिस तरह से बगैर किसी जनगणना के 13 साल पहले के आंकड़ों के आधार पर केंद्र सरकार मन माफिक आंकड़े जारी कर रही है उससे लग रहा है कि जनता की चुनी हुई गैर भाजपा शासित राज्यों के संवैधानिक अधिकार खतरे में है। भाजपा के नेतृत्व में झारखंड में 15 वर्षों से भी ज्यादा सरकार रही और केंद्र सरकार के यह आंकड़े उनके शासन काल की विफलता का प्रतीक है। केंद्र सरकार की साफ मंशा झारखंड को टुकड़ों में बांटने की है और इसके लिए वह आदिवासी,हिंदू, मुस्लिम,ईसाई के नाम पर झारखंडी जनता को लड़ाना चाहती है।

## ग्रामीण क्षेत्र के विकास के लिए सरकार और नाबार्ड के बीच एमओयू शीघ्र



**रांची :** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से उनके कांके रोड स्थित आवास पर झारखंड क्षेत्रीय कार्यालय नाबार्ड के मुख्य महाप्रबंधक एसके जहांगीरदार ने मुलाकात की। इस दौरान मुख्यमंत्री के समक्ष उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) राज्य में ग्रामीण आधारभूत संरचनाओं के विकास के लिए प्रतिबद्ध है। राज्य सरकार एवं नाबार्ड के बीच जल्द एक एमओयू हस्ताक्षर कार्यक्रम आयोजित किए जाने को लेकर मुख्यमंत्री के साथ उनकी विस्तृत चर्चा हुई। मुख्यमंत्री सोरेन से जहांगीरदार ने कहा कि एमओयू हस्ताक्षर कार्यक्रम सम्पन्न होने के पश्चात नाबार्ड द्वारा प्राथमिकता के साथ राज्य में ग्रामीण आधारभूत संरचनाओं के विकास के लिए अतिरिक्त फंड उपलब्ध कराया जा सकेगा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने नाबार्ड इन झारखंड पुस्तक का विमोचन भी किया। इस पुस्तक में वित्तीय वर्ष 2023-24 में नाबार्ड द्वारा राज्य में किए गए विकास कार्यों का पूर्ण ब्यौरा समाहित है। मौके पर मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार, झारखंड क्षेत्रीय कार्यालय नाबार्ड के महाप्रबंधक गौतम कुमार सिंह आदि उपस्थित थे।

## सर्विस रूल का उल्लंघन कर रही झारखंड की कैबिनेट सचिव: लक्ष्मीकांत वाजपेयी

**रांची :** भाजपा के प्रदेश प्रभारी डॉ लक्ष्मीकांत वाजपेयी ने कहा कि हताश निराश मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन राजनीतिक हार स्वीकार कर चुके हैं। शिवराज सिंह चौहान और हिमंत विश्व शरमा के झारखंड दौरे से उनकी बौखलाहट बढ़ गई है। हेमंत सोरेन ने अपनी हार देखते हुए पदाधिकारियों को आगे कर दिया है। राज्य सरकार के पदाधिकारी सर्विस रूल का खुलेआम धज्जियां उड़ा रहे हैं। पदाधिकारियों को पॉलिटिकल मामले में चुनाव आयोग को पत्र लिखने की अनुमति किसने दी।

**महाधिवक्ता विधि विरूद्ध कर रहे आचरण :** वाजपेयी ने कहा कि राज्य सरकार के महाधिवक्ता खुद विधि विरुद्ध आचरण कर रहे। वे अब झामुमो के प्रवक्ता बन गए हैं। हेमंत सरकार अब बोरिया बिस्तर समेट रही है। लोकसभा चुनाव के परिणाम इंडी ठगबंधन को डराने लगा है। विदाई की बेला में भी हेमंत सोरेन गलत वादे कर रहे हैं। लेकिन जनता उनकी सच्चाई से पूरी तरह अवगत है। जनता का भरोसा मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से उठ चुका है।

# जावा तैयार, अखरा सजाये जा रहे, गूंजेगा संगीत



मेट्रो रेज

**रांची :** आस्था का महापर्व करमोत्सव 14 सितंबर को रांची में मनाया जायेगा। इसकी तैयारी सरना धर्मावलंबियो ने शुरू कर दी है। करम पूजा में उपयोग होने वाला जावा भी तैयार हो रहा है। रांची के सभी अखरा को सजाने में युवा जुटे हुए हैं। शाम सात बजे मुख्य अखरा हातमा , करमटोली, नगडा. टोली और चडरी में पाहन द्वारा विशेष पूजा होगी। 15 सितंबर को पारंपरिक वाद्ययंत्र के साथ नाचते गाते करमडाली को तालाब और नदी में विसर्जन कर दिया जायोगा। इससे पहले अखरा को साफ सुथरा और रंग रोगन किया जा रहा है।अखरा तक जोड़ने वाले सड़कों में बने गढ्ढे को भरा जा रहा है। वहीं आदिवासी हॉस्टलों में भी करम पूजा को लेकर छात्र और छात्राएं जोर-शोर से तैयारी कर रहे हैं। आदिवासी हॉस्टलों में शाम सात बजे से रात 10 बजे तक गीत संगीत का अभ्यास किया जा रहा है। ताकि करमा के दिन अखरा में संगीत की गूंज हो और एक से बढ़कर एक राग प्रस्तुत किये जा सकें। इतना ही नहीं युवाओं में करम धरमा की कहानी पढ़ने और पाहन बनने की होड़ मची हुई है।

पाहन महासंघ के अध्यक्ष जगदीश पाहन ने बताया कि मुख्य अखरा में सबसे पहले पूजा होगी। उसके बाद अन्य अखरा में रात नौ बजे तक पारंपरिक तरीके से पूजा की जायेगी।

**चडरी सरना समिति :** केंद्रीय सरना समिति चडरी के अध्यक्ष बबलू मुंडा ने बताया कि मुख्य छटु पाहन शाम सात बजे पूजा-अर्चना करेंगे। इसकी तैयारी जोर-शोर से चल रही है। अखरा को फूल, माला और थ्रीडी लाइटों से पूरी तरह से सजाया जायेगा। पारंपरिक वाद्ययंत्र का उपयोग होगा, जिसमें महिला, पुरुष और बच्चे एक साथ पारंपरिक वेशभूषा में नृत्य करते नजर आयेंगे।

**नगड़ा टोली अखरा :** जय आदिवासी केंद्रीय परिषद के अध्यक्ष निरंजना हेरेंज ने बताया कि शाम सात बजे चंदन हलधर पाहन करमडाली की विशेष पूजा करेंगे। इसके लिए अखरा की साफ-सफाई हो रही है। अखरा के चारों ओर सरना झंडा का पताका लगाया जायेगा। मुख्य गेट से अखरा तक आने के लिए लाइट का विशेष प्रबंध हो रहा है। श्रद्धालुओं के लिए बैठने का पूरा ध्यान रखा जा रहा है।

**करमा पूजा आयोजन समिति चुनवा टोली :** आयोजन समिति के अध्यक्ष पवन तिर्की ने बताया कि करमोत्सव की विशेष तैयारी हो चुकी है। इसके लिए मेहमानों को निमंत्रण कार्ड दिया जा रहा है। मुख्य अतिथि को बुलाने के लिए लिफाफे तैयार हो चुके हैं।

# वोट बैंक की राजनीति कर रही है राज्य सरकार : अमर बाउरी



**रांची।** नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी बांग्लदेशी घुसपैठियों के मुद्दे को लेकर प्रेस कॉन्फ्रेंस किया। इस दौरान उन्होंने राज्य सरकार पर जमकर हमला बोला और कहा कि बंग्लादेशी घुसपैठ को लेकर झारखंड हाईकोर्ट में एक जनहित याचिका दायर की गई है जिसकी लगातार सुनवाई हो रही है। भाजपा हमेशा इस मुद्दे को उठाता है कि झारखंड की डेमोग्राफी चेंज हुई है। इस कारण देश के संप्रभुता पर भी खतरा मंडरा रहा है। वहीं झारखंड के आदिवासियों मूलवासियों के अस्मिता भी खतरे में है। विशेषकर संथाल परगना में। चाहे वह पाकुड़ है, चाहे साहिबगंज है। उन जिलों के माध्यम से भयंकर घूसपैठ हो रहा है। ऐसे में हमारे माटी, बेटी, रोटी के अस्मिता की प्रश्न खड़े हुए है। भाजपा के इस प्रबल दावे को जेएमएम, कांग्रेस, आरजेडी लगातार खारिज करती रही है। लेकिन जब हाईकोर्ट ने इस गंभीर विषय को संज्ञान में लिया पीआईएल के माध्यम से और कहा कि संथाल परगना की डेमोग्राफी चेंज हो रही है। और वहां के छह जिलों के डीसी और एसपी सीधे उनको रिपोर्ट करें कि उसके लिए वह क्या कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार घुसपैठियों की संरक्षक है। तुष्टिकरण और वोट बैंक की राजनीति के लिए सबसे बड़ी रहनुमा है। इस अति गंभीर समस्या को मानने की जगह वो इस पर लिपापोती कर रही है। जिसका नतीजा होता है कि कोई भी रिपोर्ट वह सही नहीं देती है। आपने देखा होगा कि पिछले सुनवाई में हाईकोर्ट ने राज्य सरकार के साथ केंद्र सरकार को भी ताकिद किया कि यह जो समस्या है इसमें राज्य और केंद्र सरकार दोनों की जवाबदेही बनती है। इसलिए केंद्र सरकार भी एफिडेफिट के माध्यम से इस समस्या पर अपने विचार रखे। राज्य सरकार ने डीसी और एसपी के माध्यम में एफिडेफिट दायर किया था वो पूरी तरह से हाईकोर्ट ने खारिज किया था। उनके इस कठोर निर्देशन के बाद आज हाईकोर्ट में केंद्रीय गृह मंत्रालय ने एक एफिडेफिट दायर किया है। उन्होंने इस बात को स्वीकार किया है कि इनफ्लाटेशन, घुसपैठ झारखंड और संथाल परगना के लिए एक बड़ा खतरा के रूप में उभरकर आया है। उन्होंने ये भी माना है कि इसके कारण डेमोग्राफी चेंज हुई है। उन्होंने कुछ आंकड़े भी दिए हैं। जिससे साफ दिखता है कि एसपीटी एक्ट का भयंकर उल्लंघन हुआ है। उसमें कहीं ना कहीं राज्य सरकार का सरंक्षण प्राप्त है। किस तरह से पाकुड़ के रास्ते साहिबगंज के रास्ते मदरसों के माध्यम से आधार कार्ड जैसे डॉक्यूमेंट बनाकर झारखंड के अंदर बस रहे हैं और यहां के संसाधनों का इस्तेमाल कर रहे हैं। यहां के सोशि?ो, इको सिस्टम को डैमेज कर रहे हैं। अमरी बाउरी ने कहा कि आधार किसी को नागरिकता का प्रमाण नहीं देता है। किसी के पास आधार है तो इसका मतलब यह नहीं कि वो भारत का नागरिक है। यह गृह मंत्रालय ने स्पष्ट रूप से कहा है। केंद्र ने जो एफिडेफिट दायर किया है उसके माध्यम से कहा है कि 1951 में 23 लाख 22 हजार 92 यह कुल आबादी थी संथाल परगना में। जिसमें हिंदू थे 20 लाख 98 हजार 492 यानि कुल आबादी का 90 प्रतिशत। वहीं 1951 में मुस्लिम आबादी थी 2 लाख 19 हजार 444 कुल आबादी का 9.43 प्रतिशत। वहीं आदिवासियों की आबादी थी 10 लाख 37 167 कुल आबादी का 44.67 प्रतिशत। 2011 की जनगणना के हिसाब से 69 लाख 69 हजार 97 थी जहां हिंदूओ की आबादी 47 लाख 35 हजार 723 यानि कुल आबादी का 67 ।95 प्रतिशत थी। वहीं मुस्लिस की आबादी 15 लाख 84 हजार 285 कुल आबादी का 22 ।73 प्रतिशत हो गया। जो 1951 के मुकाबले बढ़ गई। वहीं आदिवासियों की आबादी 19 लाख 59 हजार 133 यानि कुल आबादी का 28.11 प्रतिशत। 1951 के मुकाबले 44.67 आदिवासी घटकर हो जाते हैं 28.11। पूरे देश में 1951 की जनसंख्या हिंदूओं की जनसंख्या की जो गिरावट है वो अनुपातिक रूप में 2011 में दर्ज किया गया है 4.28 प्रतिशत। वहीं संथाल परगना में हिंदूओं की आबादी घटी है वो है 22.42 प्रतिशत। आप अब समझिए कि ये प्राकृतिक रूप से नहीं है। इसका मुख्य कारण है अवैध घुसपैठ। भारत सरकार ने राज्य सरकार से कहा है कि झारखंड सरकार के पास संवैधानिक पावर है कि ऐसे लोगों को चिन्हित करे और वापस भेजे। भारत सरकार ने ये भी कहा है कि भारत सरकार इस गंभीर मसले को समाधान के लिए पूरा ताकत रखती है। भारत की सरकार के पास पूरी ताकत है कि हम ऐसे लोगों को चिन्हित भी करे और उनको भेजे। अगर राज्य सरकार ऐसा नहीं कर पाती है तो केंद्र के पास पूरा ताकत है कि घुसपैठियों को चिन्हितीकरण कर वापस भेज सकते हैं। उन्होंने कहा कि एनआरसी होना चाहिए। केंद्र सरकार ने कहा है कि आधार कार्ड सिर्फ यूनिक आईडेंटिफिकेशन के लिए है। एनआरसी ही किसी को रजिस्टर्ड नागरिकता से जोड़ सकता है। राज्य सरकार इस मसले पर जवाब देने के लिए अभी भी समय चाहती है। हाईकोर्ट ने कहा है कि आप कमिटी बनाइए और कमिटि फॉर्म में इसको आगे बढ़ाइए। केंद्र और राज्य सरकार दोनों मिलकर इस कमिटी को हैंडल करें। जो नाम आएगा वो कोर्ट देखेगी। नहीं तो अपने तरीके से इन नामों का प्रस्ताव करेगी।

## चुनाव में जनता भाजपा की अंतिम यात्रा निकालने वाली है : सुप्रियो भट्टाचार्य

**रांची:** जेएमएम महासचिव और प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने पीसी कर कहा कि अगले सप्ताह की शुरूआत पीएम नरेंद्र मोदी के झारखंड दौरे से होगी। वे 15 सितंबर को झारखंड आ रहे हैं। सुप्रियो ने कहा कि ये भी पता चला कि वे झारखंड को कई सौगात भी देंगे। इसके बाद राज्य में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का दौरा होगा। वे सबसे लंबे समय तक राज्य का राज्यपाल रह चुकी हैं। सुप्रियो ने कहा कि उनके रहते राज्य के आदिवासियों और मूलवासियों के लिए कुछ ऐसे कदम उठाये गये, जिसकी वजह से यहां की जनता ने साल 2019 में बीजेपी सरकार को सबक सिखा दिया। सुप्रियो ने कहा कि राष्ट्रपति भी 19 और 20 तारीख को झारखंड आयेंगी। सुप्रियो ने कहा कि नामकुम स्थित लाह उत्पादन केंद्र के रिसर्च विंग का यह स्वर्ण जयंती साल है। राष्ट्रपति इसी के समारोह में शामिल होंगी। वहीं, 21 सितंबर को को गृहमंत्री अमित शाह भी झारखंड आ रहे हैं। वो संथाल में सभाएं करेंगे। कहा, इन तीनों का विजिट ऐसे समय में हो रहा है, जब यहां की सरकार, यहां के मुख्यमंत्री हेमंत सोरे, यहां के प्रशासनिक अफसर आदिवासी और मूलवासियों की समस्या के समाधान के लिए उनके दरवाजे तक जा रहे हैं। हमारे कार्यकर्ता लोगों के साथ संपर्क बनाये हुए हैं।

सुप्रियो ने आगे कहा, जो जानकारी है, उसके अनुसार 21 तारीख को कई राज्य के मुखिया भी झारखंड आयेंगे। कई केंद्रीय मंत्री यहां आयेंगे। लगता है चुनाव तक पूरी मोदी कैबिनेट यहीं बैठेगी। कहा कि झारखंड की जितनी यात्रा बीजेपी के नेता कर लें, दिसंबर में झारखंड की जनता इनकी अंतिम यात्रा निकालेगी। जब भी चुनाव होगा, उसमें बीजेपी की अंतिम यात्रा तय है। वहीं कथित घुसपैठिया मुद्दे पर सुप्रियो ने कहा कि अगर घुसपैठ हुई है तो इसके लिए केंद्र का गृह मंत्रालय, विदेश मंत्रालय और रक्षा मंत्रालय सीधे तौर पर जिम्मेदार है। क्योंकि सीमा सुरक्षा का मामला इन्हीं के जिम्मे है। सुप्रियो ने कहा, हाल के दिनों में हमारे नेता और पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन भी बीजेपी में चले गये। चंपाई सोरेन ऐसे नेताओं में से रहे हैं जो जेएमएम की विचारधारा को प्रमुखता के साथ उठाते रहे हैं। हमारा एक कमिटमेंट सरना धर्म कोड को लागू करना है। ये बड़ा अच्छा अवसर होगा, करमा पूजा के ठीक बाद, जब चंपाई सोरेन मंच पर पीएम मोदी के साथ मौजूद रहेंगे। तो वे पीएम से अलग सरना धर्म कोड को लागू करने की दिशा में पहल के लिए कह सकते हैं। ये बड़ा अच्छा अवसर होगा जब चंपाई सोरेन पीएम मोदी के मुंह से इस बात की घोषणा करवा दें कि 2025 में जब जातिगत गणना होगी, तो इसके साथ सरना धर्म की भी गणना करवा देंगे। पीएम का भी ये दायित्व भी बनता है कि जिस नेता के साथ यानी चंपाई सोरेन के साथ वे मंच पर होंगे, उनकी इस भावना का वे जरूर सम्मान करेंगे।

कार्यालय, जिला बाल संरक्षणइकाई, सिमडेगा
(धारा 106, सह पठित नियम 85, किशोर न्याय
(बालकों के देखरेख एवं संरक्षण)
अधिनियम 2015 के अन्तर्गत संचालित जिला बाल संरक्षण कार्यालय, पता सूचना एवं जनसंपर्क कार्यालय सिमडेगा।
Email/dcpssimdega@gmail.com

पत्रांक–DCPU/SDG/ ................../................../दिनांक...............

आवश्यक सूचना

बाल कल्याण समिति सिमडेगा के पत्रांक 222/CWC/sdg /24-25 द्वारा बालक अनिश इन्दवार उम्र–08 वर्ष, के बारे में जानकारी दी गई कि एक महिला नाम–तारसीसिया इन्दवार, ग्राम–जामटांड़, पोस्ट–बीरू, थाना–सिमडेगा, निवासी के साथ बाजारटोली, सिमडेगा में रहता था।माह फरवरी 2023 को बालक को तारसीसिया के मकान मालिक के द्वारा बाल कल्याण समिति सिमडेगा के समक्ष प्रस्तुत किया गया तब से बालक बाल कल्याण समिति सिमडेगा के संरक्षण में सहयोग विपेज बालक गृह सामटोली में आवासित है।
बालक के माता–पिता यासगे संबंधियों कीजानकारीहेतु अखबार में प्रकाशित करने की आवश्यकता है।



बालक का नाम–अनिशइन्दवार
पिताः–अज्ञात माताः–अज्ञात
उम्रः– 8 वर्ष वनजः– 22 किलोग्राम
लिंगः– पु0 (Male) उँचाईः– 121 सें0मी0
रंगः–सांवला शारीरिकसंरचनाः–सामान्य
आँख का रंग :–काला
बाल का रंग :–काला
भाषाः–सादरी, हिन्दी
नोटः–अनिशइन्दवार के जैविक माता–पिता या परिजन की जानकारी/सूचना होने पर बाल कल्याण समिति सिमडेगा कार्यालय या मो0 नं0 8210833167/9835167403/7321043179/7004171753/ 8709869285 पर सुचित करें।
निवेदक
जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी
सिमडेगा
PR 335520 (Simdega)24-25*D

उपायुक्त का कार्यालय लातेहार (सामान्य शाखा)

विज्ञापन संख्या–01/2024

आवश्यक सूचना

एतद द्वारा लातेहार जिला अन्तर्गत चौकीदार के रिक्त पदों पर नियुक्ति हेतु प्रकाशित विज्ञापन संख्या–01/2024 के अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि दिनांक–19.09.2024 को आयोजित होने वाली लिखित परीक्षा हेतु परीक्षार्थियों का प्रवेश पत्र संबंधित अंचल में भेजने की कार्रवाई की जा रही है। दिनांक–15.09.2024 से अभ्यर्थी अपने–अपने अंचल से प्रवेश पत्र प्राप्त कर सकते हैं।

उपायुक्त लातेहार।
PR.NO.335469 District(24-25):D

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, लघु सिंचाई प्रमंडल,गुमला

अति अल्पकालीन ई० निविदा आमंत्रण सूचना

ई० निविदा संख्या–WRD/MID/GUMLA/$F_2$-26/2024-25(4th Call) दिनांक – 12.09.2024
1. ई– निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी के कार्यालय का नाम एवं पता– कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमण्डल, गुमला।
2. ई निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का मोबाईल नं0 :– 0651–2214784 मो0 8986890345
3. वेबसाईट में ई–निविदा प्रकाशन की तिथि एवं समय :– 18.09.2024 (अपराह्न 02:00 बजे से)
4. वेबसाईट में ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– 24.09.2024 (अपराह्न 05:00 बजे तक)
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 26.09.2024 (अपराह्न 02:00 बजे)

| क्र0 | योजना का नाम | प्रखण्ड | प्राक्कलित राशि (रूपये में) | अग्रधन की राशि (रूपये में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रूपये में) | कार्य समाप्ति की अवधी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | कड़सहुबा नाला पर चेकडैम निर्माण कार्य। | घाघरा | 8023100.00 | 160500.00 | 10000.00 | 11 माह |

(1) केवल ई० निविदा ही स्वीकार की जायेगी।
(2) निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा ही स्वीकार्य होगी।
(3) निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो सारी जवाबदेही संबंधित निविदादाता की होगी।
(4) प्राक्कलित राशि घट–बढ़ सकती है। अग्रधन की राशि परिमाण विपत्र की राशि के अनुसार होगी।
(5) राज्य सरकार के द्वारा निर्गत सभी अद्यतन आदेश/परिपत्र लागु होगें।
(6) विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट– http://jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

ह0/–
कार्यपालक अभियन्ता,
लघु सिंचाई प्रमंडल,गुमला
PR 335523 Minor Irrigation(24-25)#D

मंईयां

रांची, शुक्रवार, 13 सितंबर 2024

संवत 2081, भाद्रपद शुक्ल 10 मूल्य-2 रुपये

वर्ष-8, अंक 09 , पृष्ठ-9, RNI No.-JHAHIN/2017/75028

# मेट्रो Rays

आगे रखने का वादा

सांध्य दैनिक





4 ▸▸ अमेरिका में बिगड़ती आर्थिक एवं सामाजिक स्थिति

पेरिस फैशन वीक में डेब्यू के लिए तैयार आलिया ◂◂ 6









## झारखंड में छह घंटे रहेंगे प्रधानमंत्री मोदी जमशेदपुर में आधे घंटे का रोड शो

मेट्रो रेज

**रांची :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 15 सितंबर को झारखंड आयेंगे। वह जमशेदपुर से वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन की सौगात देंगे। साथ ही गोपाल मैदान में प्रदेश भाजपा की ओर से आयोजित सभा में शामिल होंगे। इस दौरान उनका रोड-शो भी होगा। पीएम झारखंड में लगभग छह घंटे रहेंगे। पीएम रविवार को सुबह 8:45 बजे बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पहुंचेंगे। इसके बाद हेलीकॉप्टर से जमशेदपुर के लिए रवाना होंगे। फिर सोनारी हवाई अड्डा से टाटानगर रेलवे स्टेशन पहुंचेंगे। यहां पर वंदे भारत ट्रेन को हरी झंडी दिखायेंगे। साथ ही 21 हजार करोड़ की विकास योजनाओं का शिलान्यास-उद्घाटन करेंगे। जमशेदपुर में उनका आधे घंटे का रोड-शो होगा।

**कार्यक्रम के बाद कितने बजे वापस लौटेंगे पीएम मोदी :** रोड शो करते हुए पीएम गोपाल मैदान पहुंचेंगे और वहां सभा को संबोधित करेंगे। कार्यक्रम के बाद दोपहर 1:45 बजे रांची लौटेंगे। इसके बाद अहमदाबाद चले जायेंगे। जमशेदपुर में पीएम नरेंद्र मोदी के प्रस्तावित कार्यक्रम को लेकर पुलिस मुख्यालय के स्तर से सुरक्षा की तैयारी पूरी कर ली गयी है। कार्यक्रम के दौरान सुरक्षा को लेकर आतंकवाद निरोधी दस्ते की हीट टीम के अलावा 3000 से अधिक पुलिस अफसरों और जवानों की तैनाती की गयी है।

**पीएम मोदी के कार्यक्रम के लिए कुल कितने जवानों की तैनाती की गयी है :** पीएम मोदी के कार्यक्रम को लेकर विभिन्न जिलों और प्रशिक्षण केंद्र से 115 इंस्पेक्टर, 650 सब इंस्पेक्टर और एएसआइ, 2550 पुरुष लाठी बल, 250 महिला लाठी बल, 250 सशस्त्र बल, यातायात व्यवस्था के लिए 100 अतिरिक्त जवान, बीडीडीएस की दो टीम, आतंकवाद निरोधी दस्ता की तीन हीट टीम, टीयर गैस की दो टीम और दो कंपनी रैप की तैनाती की गयी है। पीएम के प्रस्तावित कार्यक्रम को लेकर मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी द्वारा प्रोटोकॉल तथा सुरक्षा मापदंडों को सुनिश्चित करने के लिए सीनियर आइएएस और आइपीएस अधिकारियों को जिम्मेदारी दी गयी है।

# रांची में भीषण आग, इलेक्ट्रॉनिक्स दुकान और फाइनेंस कंपनी का दफ्तर जलकर राख

मेट्रो रेज

**रांची:** राजधानी रांची के तुपुदाना इलाके में शुक्रवार की सुबह हुए भीषण आगलगी में एक इलेक्ट्रॉनिक्स दुकान सहित एक फाइनेंस कंपनी का दफ्तर जलकर राख हो गई। इस आग लगी में इलेक्ट्रॉनिक्स दुकानदार के मालिक को लाखों का नुकसान हुआ है। दमकल के वाहनों ने 5 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

**अहले सुबह लगी आग :** रांची के तुपुदाना ओपी ओपी के स्वर्णरेखा नदी के समीप स्थित अनीश सिंह के इलेक्ट्रॉनिक दुकान शुक्रवार की अहले सुबह आग लग गई। आग इतनी भीषण थी कि इलेक्ट्रॉनिक्स दुकान तो जलकर राख हुई ही इसके साथ ही उसके बगल में स्थित एक फाइनेंस कंपनी का दफ्तर भी आग की चपेट में आकर पूरी तरह से जलकर राख हो गया।



**दुकान और फाइनेंस कंपनी के दफ्तर में लगी आग (ईटीवी भारत) :** स्थानीय लोगों ने बताया कि शुक्रवार के सुबह लगभग 4 बजे के करीब दुकान से आग की लपटें दिखाई दीं, जिसके बाद अग्निशमन विभाग को मामले की जानकारी दी। लेकिन आग इतनी तेजी के साथ फैली कि देखते ही देखते इलेक्ट्रॉनिक दुकान और उसके बगल में स्थित फाइनेंस कंपनी का दफ्तर उसके चपेट में आ गया। दमकल के वाहन मौके पर पहुंच भी गए, लेकिन तब तक इलेक्ट्रॉनिक्स दुकान और फाइनेंस कंपनी का दफ्तर जलकर पूरी तरह से राख हो चुके थे। दोनों ही जगह पर एक भी सामान ऐसा नहीं था जो जला ना हो।

**पांच घंटे की मशक्कत के बाद आग पर पाया गया काबू :** तुपुदाना पुलिस और अग्निशमन विभाग के 6 दमकल 5 घंटे के कड़ी मश्क्कत के बाद आग पर काबू पाने में कामयाब हुए। हटिया डीएसपी पीके मिश्रा ने बताया कि नुकसान का आकलन किया जा रहा है। दुकान मालिक के द्वारा फिलहाल इस संबंध में थाने में कोई लिखित आवेदन नहीं दिया गया है। वहीं, इलेक्ट्रॉनिक दुकान के मालिक अनीश सिंह ने बताया कि आग लगी में लाखों से ज्यादा का नुकसान हुआ है। फाइनेंस कंपनी के दफ्तर में भी रख कई कागजात और सारे फर्नीचर जलकर राख हो गए हैं। वहां भी लाखों का नुकसान हुआ है।

**शार्ट सर्किट से आग लगने की आशंका :** आशंका जताई जा रही है कि शॉर्ट सर्किट की वजह से इलेक्ट्रॉनिक्स दुकान में पहले आग लगी और उसके बाद आग फैलकर फाइनेंस कंपनी के दफ्तर तक चली गई। फिलहाल मामले की जांच की जा रही है। आसपास के सीसीटीवी कैमरा को भी खंगाला जा रहा है, ताकि आग कितने बजे लगी इसकी सटीक जानकारी मिल सके।

## मनी लॉन्ड्रिंग केस : नीरज मित्तल और राम प्रकाश भाटिया को बेल देने से हाईकोर्ट का इनकार

**रांची:** सरकारी टेंडर में कमीशन के जरिये करोड़ों रुपये की अवैध कमाई करने और उस कमाई को वैध बनाने के लिए मनी लॉन्ड्रिंग करने के आरोपी निलंबित इंजीनियर इन चीफ वीरेंद्र राम के सहयोगी नीरज मित्तल और राम प्रकाश भाटिया की जमानत अर्जी हाईकोर्ट ने खारिज कर दी है। इससे पहले रांची ढटछअ (प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट) की स्पेशल कोर्ट ने भी दोनों को बेल नहीं दी थी। वीरेंद्र राम पर अपने पद पर रहते हुए करोड़ों रुपए की अवैध कमाई करने का आरोप है। वहीं नीरज मित्तल और राम प्रकाश भाटिया पर जेल में बंद निलंबित अभियंता प्रमुख वीरेंद्र राम के पैसों के निवेश में सहायता करने का आरोप है। इन्हें एऊ ने दिल्ली से गिरफ्तार किया था। इनके खिलाफ एऊ आरोप पत्र भी दाखिल कर चुकी है। जिसपर कोर्ट संज्ञान ले चुका है।

## दुनिया के सबसे दमदार बॉडीबिल्डर की 36 साल की उम्र में हार्ट अटैक से मौत

**नई दिल्ली :** दुनिया के सबसे ताकतवर बॉडीबिल्डर' के नाम से मशहूर इलिया 'गोलेम' येफिमचिक का 36 वर्ष की उम्र में दिल का दौरा पड़ने के बाद निधन हो गया। दिल का दौरा पड़ने के बाद उन्हें छह सितंबर को अस्पताल ले जाया गया था, जहां वह कोमा में चले गए थे। कुछ दिनों बाद 11 सितंबर को उनकी मौत हो गई। हार्ट अटैक आने के बाद एंबुलेंस के आने का इंतजार करते हुए उनकी पत्नी एना ने छाती को कम्प्रेस भी किया था। बाद में उन्हें हेलीकॉप्टर से अस्पताल ले जाया गया। एना ने स्थानीय मीडिया को बताया, 'मैंने इस पूरे समय प्रार्थना करती रही। मैंने हर दिन उनके साथ बिताया। उनका दिल दो दिनों तक धड़का, लेकिन डॉक्टर ने मुझे एक भयानक खबर दी कि उनके दिमाग ने काम करना बंद कर दिया था। मैं संवेदना व्यक्त करने के लिए सभी का शुक्रिया अदा करती हूं। यह महसूस करना दिल को छू लेने वाली है कि मैं इस दुनिया में अकेली नहीं रह गई हूं। इतने सारे लोगों से मुझे मदद और समर्थन मिल रहा है।' इलिया ने कभी भी किसी प्रोफेशनल टूनामेंट में हिस्सा नहीं लिया, लेकिन इस



बेलारूसी बॉडी बिल्डर की सोशल मीडिया फैन फॉलोइंग काफी ज्यादा था। उन्होंने नियमित रूप से अपने फैंस के साथ वीडियो साझा किए। उन्हें 'द म्यूटेंट' उपनाम भी मिला। जानकारी के मुताबिक, इलिया दिन में सात बार खाना खाते थे और अपने शरीर को बनाए रखने के लिए 16,500 कैलोरी से कंज्यूम करते थे। इसमें 2.5 किलोग्राम स्टेक और सुशी के 108 टुकड़े शामिल थे। उनका वजन 340 पाउंड था और वह 6 फीट एक इंच लंबे थे। आउटलेट के अनुसार उनकी छाती 61 इंच और उनके बाइसेप्स 25 इंच मापी गई थी। कथित तौर पर स्कूल में उनका वजन सिर्फ 70 किलो था और वह पुश-अप्स नहीं कर सकते थे।

## कोल लिंकेज से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग के आरोपी इजहार को हाईकोर्ट ने दी बेल

**रांची :** लिंकेज का 86568 टन कोयला मंडी में बेच कर करोड़ों रुपये की अवैध कमाई करने के आरोपी व हजारीबाग के चर्चित कोयला कारोबारी इजहार अंसारी की बेल पर हाईकोर्ट ने फैसला सुना दिया है। हाईकोर्ट ने उसे कुछ शर्तों के साथ जमानत की सुविधा प्रदान कर दी है। इससे पहले रांची ढटछअ (प्रीवेन्शन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट) की विशेष कोर्ट ने इजहार को बेल देने से इनकार करते हुए उसकी याचिका खरीज कर दी थी। जिसके बाद उन्होंने हाईकोर्ट में अपनी बेल के लिए गुहार लगायी थी। दरअसल कोल लिंकेज से जुड़े मामले को लेकर ईडी ने इसी वर्ष 16 जनवरी को इजहार अंसारी के ठिकानों पर छापेमारी की थी। छापेमारी के बाद ईडी ने उसे गिरफ्तार कर लिया था। तब से वह न्यायिक हिरासत में हैं।

## धनबाद में तालाब से मिला नाबालिग का शव, परिजनों ने मुआवजे की मांग को लेकर किया सड़क जाम

**धनबाद :** जोड़ापोखर थाना इलाके में तालाब से एक नाबालिग का शव मिला है। घटना की जानकारी मिलने के बाद लोगों की भीड़ जमा हो गयी। घटना के बाद से परिजनों में आक्रोश है। परिजनों ने शव को झरिया सिंगरी मुख्य मार्ग पर रख कर सड़क जाम कर दिया और मुआवजे की मांग करने लगे।

मिली जानकारी के अनुसार 15 वर्षीय रेहान अली इमामबाड़ा इलाके में अपनी नानी के घर में रहता था। उसकी 3 बहनें हैं। उसकी मां पटना में रह कर काम करती है। वहीं उसके पिता की मृत्यु पहले ही हो गयी थी। रेहान अपने नानी घर में ही रह कर शादी पार्टी में ऊ्रख का काम करता था। रेहान के मामा विक्कू ने बताया की रेहान बुधवार को काम पर गया था। इसके बाद से वह घर वापस नहीं लौटा।

परिजनों ने काफी खोजबीन की लेकिन उसका कुछ पता नहीं चला। इसके बाद गुरुवार को जोड़ापोखर थाना इलाके के तालाब से उसके शव के मिलने की खबर मिली। घटना के बाद से ही परिजन गुस्से में हैं। उन्होंने देर शाम से रात तक झरिया सिंदरी मुख्य मार्ग को जाम कर दिया एवं मुआवजे की मांग करने लगे। सड़क जाम होने के कारण आने-जाने वाले लोगों को काफी परेशानी होने लगी। वाहन चालकों का प्रदर्शन कर रहे लोगों के साथ नोकझोंक भी हुई।

इसके बाद इरिया विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह को सूचना दी गयी। विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह के प्रतिनिधि सूरज सिंह और राजू खान मौके पर पहुंचे। यहां पीड़ित परिजनों को विधायक की ओर से तत्काल 30 हजार रुपये सहायता राशि दी गयी। साथ ही सरकार की ओर दिए जाने वाले लाभ का आश्वासन भी दिया गया। इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया और सड़क जाम हटाया गया।

# सुप्रीम कोर्ट से अरविंद केजरीवाल को बेल, लेकिन दफ्तर नहीं जा सकेंगे

**नई दिल्ली :** शराब नीति मामले में सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार 13 सितंबर को दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की जमानत याचिका पर फैसला सुनाते हुए उन्हें बेल दे दी है। सुप्रीम कोर्ट ने शर्त के साथ केजरीवाल को जमानत दी है। इसके तहत अरविंद केजरीवाल अपने दफ्तर नहीं जा सकेंगे। इसी के साथ उन्हें ट्रायल के दौरान कोर्ट में पेश होना होगा। केजरीवाल सरकारी फाइलों पर दस्तखत भी नहीं कर सकते। गौरतलब है कि सीबीआई द्वारा दर्ज भ्रष्टाचार के मामले में अपनी गिरफ्तारी और जमानत से इनकार किए जाने को चुनौती देते हुए अरविंद केजरीवाल ने दो अलग-अलग याचिकाएं दायर की थी। इसी पर सुप्रीम कोर्ट ने फैसला सुनाया है।

**केजरीवाल के वकील ने क्या कहा? :** दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल की जमानत पर वकील संजीव नासियार का कहना है, ह्लसीबीआई मामले में जमानत मिल गई है। यह राहत का बड़ा दिन है। सीएम पिछले 5 महीने से जेल में बंद थे। जहां तक गिरफ्तारी का सवाल है, दोनों न्यायाधीशों की राय अलग-अलग है। आदेश आने के बाद मैं इस पर टिप्पणी कर पाऊंगा। कुछ नियमित शर्तें हैं। वह संबंधित मामलों पर कोई सामान्य टिप्पणी नहीं कर पाएंगे। सीबीआई को क्योंकि



मामला अदालत में विचाराधीन है। जब भी बुलाया जाएगा उन्हें अदालत में उपस्थित रहना होगा। हम जल्द ही उन्हें दिल्ली और फिर हरियाणा में देख सकेंगे।

**अरविंद केजरीवाल को लेकर हाई कोर्ट ने क्या कहा था? :** पीठ ने पांच सितंबर को न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुइंया की बेंच ने केजरीवाल की याचिकाओं पर फैसला सुरक्षित रख लिया था। सीबीआई ने इस मामले में आम आदमी पार्टी (आप) के संयोजक अरविंद केजरीवाल को 26 जून को गिरफ्तार किया था। उन्होंने दिल्ली हाई कोर्ट के 5 अगस्त के उस आदेश को चुनौती देते हुए सुप्रीम कोर्ट का रुख किया था, जिसमें हाई कोर्ट ने भ्रष्टाचार के इस मामले में उनकी गिरफ्तारी को बरकरार रखा था। हाई कोर्ट ने कहा था कि सीबीआई द्वारा केजरीवाल की गिरफ्तारी के बाद अब उनके खिलाफ पर्याप्त सबूत हैं और संबंधित साक्ष्यों को देखकर यह नहीं कहा जा सकता है कि गिरफ्तारी अकारण या अवैध थी। हाई कोर्ट ने उन्हें जमानत संबंधी याचिका पर निचली अदालत से संपर्क करने की भी अनुमति दी थी।

**क्या है अरविंद केजरीवाल से जुड़ा मामला? :** यह मामला दिल्ली सरकार की शराब नीति 2021-22 के निर्माण और क्रियान्वयन में कथित भ्रष्टाचार से जुड़ा है। इस नीति को बाद में निरस्त कर दिया गया था। ईडी ने कथित घोटाले के संबंध में मनी लॉन्ड्रिंग का एक अलग मामला दर्ज किया था। सीबीआई और ईडी के अनुसार, शराब नीति में संशोधन करके अनियमितताएं की गईं और लाइसेंसधारकों को अनुचित लाभ पहुंचाया गया। शीर्ष अदालत ने 12 जुलाई को मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में केजरीवाल को अंतरिम जमानत दी थी। शीर्ष अदालत ने धनशोधन (रोकथाम) अधिनियम (पीएमएलए) के तहत ह्यगिरफ्तारी की आवश्यकता और अनिवार्यताह्ण के पहलू पर तीन सवालों के संदर्भ में गहन विचार के लिए इसे एक बड़ी पीठ (पांच-सदस्यीय संविधान पीठ) को भेज दिया। ईडी ने मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में 21 मार्च को केजरीवाल को गिरफ्तार किया था।

**अरविंद केजरीवाल ने सीबीआई की दलील का जोरदार विरोध किया :** भ्रष्टाचार मामले में अपनी याचिका पर 5 सितंबर को सुनवाई के दौरान अरविंद केजरीवाल ने सीबीआई की उस दलील का जोरदार विरोध किया था कि उन्हें जमानत के लिए सबसे पहले निचली अदालत जाना चाहिए। सीबीआई की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एस। वी। राजू ने केजरीवाल की याचिकाओं के गुण-दोष पर सवाल करते हुए सुप्रीम कोर्ट से अनुरोध किया था कि ईडी की गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली याचिका के संबंध में भी शीर्ष अदालत को उन्हें (केजरीवाल को) निचली अदालत जाने के लिए कहना चाहिए।

## सीबीआई को पिंजरे में बंद तोते की धारणा को दूर करना चाहिए

**नई दिल्ली :** उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश जस्टिस उज्जल भुइंया ने शुक्रवार को केंद्रीय जांच एजेंसी सीबीआई को जमकर फटकार लगाई। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की जमानत पर फैसला सुनाते हुए जस्टिस भुइंया ने कहा कि केजरीवाल की गिरफ्तारी अनुचित थी। जस्टिस भुइंया ने सीबीआई की आलोचना करते हुए कहा कि उसे पिंजरे में बंद तोता होने की धारणा को दूर करना चाहिए। उन्होंने सीबीआई द्वारा केजरीवाल को गिरफ्तार करने के समय पर सवाल उठाते हुए कहा कि सीबीआई की गिरफ्तारी का उद्देश्य केजरीवाल को जेल से बाहर आने से रोकना था। जस्टिस भुइंया ने कहा कि 'सीबीआई देश की एक प्रमुख जांच एजेंसी है। यह जनहित में है कि सीबीआई न केवल निष्पक्ष दिखे, बल्कि उसकी निष्पक्षता पर सवाल उठाने वाली किसी भी धारणा को दूर करने की भी उसे हरसंभव कोशिश करनी चाहिए।'

## सुविचार

**सत्य से बड़ा तो ईश्वर भी नहीं होता है – महात्मा गांधी**

## ममता की मुश्किल

तृणमूल कांग्रेस के सांसद जवाहर सरकार का राज्यसभा की सदस्यता से इस्तीफे का एलान पश्चिम बंगाल की ममता बनर्जी सरकार की परेशानी बढ़ाने वाला है। इसने राज्य सरकार पर लगाए जा रहे आरोपों और उससे किए जा रहे सवालों की विश्वसनीयता बढ़ा दी है। कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में ट्रेनी डॉक्टर के रेप और मर्डर की दुर्भाग्यपूर्ण घटना को एक महीना हो चुका है, लेकिन अब तक न तो इसकी जांच किसी ठोस नतीजे पर पहुंचती दिख रही है और न ही इससे उपजा आक्रोश थमने का नाम ले रहा है। हालांकि इसकी जांच उइकको सौंपी जा चुकी है और सुप्रीम कोर्ट भी इस मामले में कथित तौर पर हुई गड़बड़ियों से जुड़े मामले की सुनवाई कर रहा है। इसलिए उस पहलू पर कोई नतीजा निकालने की जल्दबाजी ठीक नहीं होगी। लेकिन बड़ा सवाल राज्य सरकार के इस पूरे घटनाक्रम से निपटने के ढंग का भी है। ममता सरकार इस मामले में पूरा दोष केंद्र और विरोधी पार्टियों के सिर मढ़कर काम चला रही है। उसका कहना है कि साजिश के तहत लोगों को भड़काया जा रहा है। लेकिन ऐसा जनाक्रोश किसी एक या दो पार्टी के भड़काने भर का नतीजा नहीं हो सकता। राज्य सरकार और तृणमूल कांग्रेस यह समझने को जैसे तैयार ही नहीं कि युवा डॉक्टर के रेप और मर्डर की इस घटना ने न केवल राज्य में बल्कि देश भर में लोगों की संवेदनाओं को झकझोर कर रख दिया। इसने डॉक्टर बिरादरी के मन में बसी असुरक्षा की भावना को सतह पर ला दिया। इससे पूरी संवेदनशीलता के साथ निपटने की जरूरत थी। लेकिन राज्य सरकार का रवैया पहले दिन से आंदोलन को दबाने और इसके लिए विरोधियों को दोषी ठहराने का था। नतीजा यह कि एक घटना से उपजे असंतोष का दायरा बढ़ता रहा, अस्पताल प्रशासन की ओर से की जा रही अन्य गड़बड़ियां भी उसके दायरे में आती गईं और सरकारी तंत्र व सत्तारूढ़ पार्टी से जुड़े तत्वों के भ्रष्टाचार भी मुद्दा बनते गए। मगर पार्टी नेतृत्व ने किसी तरह की कार्रवाई करके लोगों को विश्वास में लेने की जरूरत नहीं महसूस की। अब सांसद जवाहर सरकार के इस्तीफे ने इन पहलुओं को मुद्दा बना दिया है। खास बात यह है कि पूर्व नौकरशाह जवाहर सरकार की छवि केंद्र सरकार की गलत नीतियों का विरोध करने वाले व्यक्ति की रही है। इसलिए उन पर विरोधियों से मिलीभगत का आरोप भी टिकने वाला नहीं है। ऐसे में यही उम्मीद की जा सकती है कि कम से कम अब राज्य सरकार अपने रुख में आवश्यक बदलाव पर गंभीरता से विचार करेगी।

## सदस्यता खत्म करने की मांग

राहुल गांधी के अमेरिका में दिए बयान को लेकर चौतरफा हमला शुरू हो गया है। केंद्रीय मंत्री जीतनराम मांझी ने राहुल गांधी पर हमला बोला है। उन्होंने कहा कि राहुल विदेश जाकर देश को बदनाम करते हैं। ऐसे लोग देश विरोध का काम कर रहे हैं। इनकी संसद की सदस्यता रद्द की जाए। बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि राहुल की संसद सदस्यता इस तरह के बयान देने पर रद्द कर दिया जाना चाहिए। जीतन राम मांझी ने एक्स पर पोस्ट में कहा कि कोई भी देशभक्त विदेशी धरती पर जाकर जनता की चुनी गई सरकार पर अभद्र टिप्पणी नहीं कर सकता। राहुल गांधी का बयान एक देशद्रोही का बयान है उनके उपर मुकदमा दर्ज होना चाहिए। रही बात आरक्षण की तो नरेंद्र मोदी जी के रहते किसी राहुल गांधी की हैसियत नहीं कि देश से आरक्षण खत्म कर दे। लोकसभा में विपक्ष का नेता बनने के बाद राहुल गांधी का ये पहला अमेरिकी दौरा है। राहुल जब भी विदेश जाते हैं तो देश में विवादों की आंधी आ जाती है। इस बार भी यही हो रहा है। राहुल गांधी के जिन बयानों को लेकर देश में हंगामा हो रहा है उसके केंद्र में धर्म, चुनावी प्रक्रिया और आरक्षण है। वही आरक्षण कार्ड जिसको लेकर दावा है कि 2024 के चुनाव में उसने प्रधानमंत्री मोदी को लगातार तीसरी बार बहुमत पाने से रोक दिया। वॉशिंगटन डीसी के जार्ज टाउन यूनिवर्सिटी में जब राहुल से पूछा गया कि भारत में आरक्षण कब तक चलेगा। उसके जवाब में राहुल ने जो बातें कही उसने हिंदुस्तान में बड़ा बखेरा खड़ा कर दिया। राहुल ने कहा कि हम आरक्षण समाप्त करने के बारे में तब सोचेंगे जब भारत में सब एक समान होंगे। भारत में अभी सब समान नहीं हैं। आरक्षण ही वो मुद्दा है जिसे कांग्रेस को 99 तक पहुंचाने का श्रेय दिया जाता है।

# अमेरिका में बिगड़ती आर्थिक एवं सामाजिक स्थिति

**आवश्यकता का एक तिहाई भाग आयात करता है। अमेरिका में वर्ष 2000 में विदेशी व्यापार घाटा 38,000 करोड़ अमेरिकी डॉलर का था जो 2021 में बढ़कर 86,100 करोड़ अमेरिकी डॉलर का हो गया है। 1970 के दशक तक, लगभग प्रत्येक वर्ष, अमेरिका के पास विदेशी व्यापार आधिक्य हुआ करता था। परंतु, इसके पश्चात अमेरिका की स्थिति विदेशी व्यापार के मामले में लगातार बिगड़ती चली गई है।**

**प्रहलाद सबनानी**

विश्व में कई गतिविधियां एक चक्र के रूप में चलती रहती है। एक कालखंड के पश्चात चक्र कभी नीचे की ओर जाता है एवं एक अन्य कालखंड के पश्चात यह चक्र कभी ऊपर की ओर जाता हुए दिखाई देता है। विदेशी व्यापार के मामले में वर्ष 1750 तक पूरे विश्व में भारत की तूती बोलती रही है, परंतु इसके पश्चात यूरोपीयन देशों ने विस्तारवादी नीतियों के चलते अपने आर्थिक हित साधते हुए विभिन्न देशों पर अपना कब्जा जमा लिया। ब्रिटेन, फ्रांन्स, डच जैसे देशों ने एशियाई देशों एवं कुछ अफ्रीकी भू भाग पर पर अपना कब्जा जमाया तो स्पेन आदि देशों ने अमेरिकी महाद्वीप पर अपना कब्जा जमाया। समय के साथ चक्र कुछ इस प्रकार चला कि वर्ष 1950 आते आते अमेरिका पूरे विश्व में सबसे अमीर देशों की श्रेणी में शामिल हो गया और ब्रिटेन, जिसके बारे में कभी कहा जाता था कि ब्रिटेन की महारानी के राज्यों में सूरज कभी डूबता नहीं है, का आर्थिक दृष्टि से ढलान शुरू हो गया और आज ब्रिटेन के आर्थिक एवं सामाजिक ढांचे की स्थिति हम सभी के सामने है। ब्रिटेन की अर्थव्यवस्था हाल ही में पूरे विश्व में छठे स्थान पर पहुंच गई है तथा अमेरिका, चीन, जापान, जर्मनी के पश्चात भारत आज विश्व की पांचवी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। जबकि वर्ष 1750 के पश्चात जब ब्रिटेन ने भारत पर अपना कब्जा स्थापित कर लिया था उसके बाद भारत की स्थिति यहां तक बिगड़ी थी कि पूरी विश्व की अर्थव्यवस्था में भारत के विदेश व्यापार की हिस्सेदारी वर्ष 1750 के 32 प्रतिशत से घटकर वर्ष 1947 में 3 प्रतिशत के नीचे आ गई थी। परंतु, एक बार फिर कालचक्र अपना रंग दिखाता हुआ नजर आ रहा है और अमेरिकी अर्थव्यवस्था के साथ ही वहां का सामाजिक ताना बाना भी छिन्न भिन्न होता हुआ दिखाई दे रहा है।

दरअसल, अमेरिका ने पूंजीवादी नीतियों को अपनाकर अपने नागरिकों में केवल आर्थिक उन्नति को ही विकास के एकमात्र मार्ग के रूप में चुना था, इससे वहां के नागरिकों में किसी भी प्रकार से धन अर्जन करने की प्रवृत्ति विकसित हुई एवं सामाजिक, आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक ताना बाना छिन्न भिन्न हो गया। परिवार व्यवस्था समाप्त हो गई जिसका परिणाम आज हमारे सामने हैं कि आज अमेरिका में नागरिकों के लिए सामाजिक सुरक्षा योजना, मेडीकेयर योजना, मेडीकैड योजना, प्रौढ़ नागरिकों को सुविधाएं एवं केंद्र (फेडरल) सरकार के कर्मचारियों को अदा की जा रही पेंशन, आदि योजनाएं सरकार द्वारा नागरिकों के हितार्थ अमेरिका में चलानी पड़ रही हैं। इन योजनाओं पर खर्च किए जा रहे 2 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर की भारी भरकम राशि का लाभ करोड़ों अमेरिकी नागरिक प्रतिवर्ष उठा रहे हैं। यह राशि अमेरिकी सकल घरेलू उत्पाद का 14 प्रतिशत है। सुरक्षा की मद पर भी अमेरिका द्वारा 70,000 करोड़ अमेरिकी डॉलर का खर्च प्रतिवर्ष किया जाता है। बेरोजगारी बीमा लाभ योजना पर भी भारी भरकम राशि अमेरिकी सरकार द्वारा प्रतिवर्ष खर्च की जाती है। अमेरिका में सेवा निवृत्त हो रहे कर्मचारियों की संख्या लगातार बढ़ रही है जिसके कारण इस मद पर व्यय की जाने वाली राशि में भी बेतहाशा वृद्धि हो रही है, साथ ही लगातार बढ़ रहा सुरक्षा खर्च, स्वास्थ्य सेवाओं पर व्यय की लगातार बढ़ रही राशि के बीच वर्तमान में कर की दरों में वृद्धि नहीं करने के कारण बजटीय घाटे पर दबाव बढ़ता जा रहा है। इकोनोमिक रिपोर्ट आफ द प्रेजीडेंट के अनुसार अमेरिका में वर्ष 2000 में 23,600 करोड़ अमेरिकी डॉलर का बजट आधिक्य था जो वर्ष 2001 में घटकर 12,600 करोड़ अमेरिकी डॉलर का हो गया। परंतु, वर्ष 2002 में एक बार जो 15,800 करोड़ अमेरिकी डॉलर का बजट घाटा प्रारम्भ हुआ तो इसके बाद से वह बढ़ता ही गया है। वर्ष 2009 में तो बजट घाटा बढ़कर 141,300 करोड़ अमेरिकी डॉलर का हो गया, वर्ष 2010 में 129,400 करोड़ अमेरिकी डॉलर, वर्ष 2011 में 130,000 करोड़ अमेरिकी डॉलर, वर्ष 2012 में 108,700 करोड़ अमेरिकी डॉलर एवं वर्ष 2020 में 313,000 करोड़ अमेरिकी डॉलर, वर्ष 2021 में 277,000 करोड़ अमेरिको डॉलर एवं वर्ष 2022 में 188,000 करोड़ अमेरिकी डॉलर का रहा है।

अमेरिका में प्रति परिवार वास्तविक औसत आय वर्ष 1973 में (वर्ष 2015 में डॉलर की कीमत पर) 50,000 अमेरिकी डॉलर थी। अमेरिका के लगभग आधे परिवारों की वास्तविक औसत आय 50,000 अमेरिकी डॉलर से अधिक थी एवं शेष आधे परिवारों की 50,000 अमेरिकी डॉलर से कम थी, जिससे आय की असमानता आज की तुलना में कम दिखाई देती थी। वर्ष 1973 से वर्ष 2015 तक अमेरिका में उत्पादकता में 115 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज हुई है जबकि परिवारों की औसत आय (मुद्रा स्फीति के समायोजन के बाद) केवल 11 प्रतिशत ही बढ़ी है। यह भी, इस बीच, अमेरिकी महिलाओं को भारी मात्रा में प्रदान किए गए रोजगार के अवसरों के चलते सम्भव हो पाया है। इस प्रकार, मुद्रा स्फीति के समायोजन के पश्चात, अमेरिका में वर्ष 1973 के पश्चात औसत आय में वृद्धि नगण्य ही रही है। वर्ष 1973 से वर्ष 2007 के बीच अमेरिकी मध्यवर्गीय परिवारों ने उपभोग पर औसत खर्च को दुगने से भी अधिक कर दिया है। जिसके कारण इन परिवारों की बचत दर 10 प्रतिशत से घट कर 2 प्रतिशत हो गई है। बल्कि कई परिवारों को तो अपने मकानों पर ऋण लेकर एवं क्रेडिट कार्ड के माध्यम से ऋण लेकर भी काम चलाना पड़ रहा हैं। जोसेफ शूम्पटर के अनुसार अमेरिका में कार ने घोड़ा गाड़ी को खत्म कर दिया एवं कम्प्यूटर ने टाइपराइटर को खत्म कर दिया। इसे 'रचनात्मक विनाश' (क्रीएटिव डेस्ट्रक्शन) का नाम दिया गया, क्योंकि इससे उत्पादकता का स्तर बढ़ा था, परंतु रोजगार के लाखों अवसर समाप्त हो गए थे। अमेरिका में आज 5 में से 4 रोजगार के अवसर, सेवा क्षेत्र में उत्पन्न होते हैं, जहां तुलनात्मक रूप से आय कम है। कृषि एवं उद्योग (विनिर्माण सहित) क्षेत्रों में रोजगार के अवसर बहुत कम मात्रा में उपलब्ध हो पा रहे हैं।

60 वर्ष पूर्व तक अमेरिका विदेशी व्यापार के मामले में आत्मनिर्भर था। अमेरिका में विभिन्न उत्पादों का जितना उपभोग होता था उन लगभग समस्त उत्पादों का उत्पादन भी अमेरिका में ही होता था। बल्कि, विदेशी व्यापार के मामले में तो उस समय अमेरिका के पास विदेश व्यापार आधिक्य शेष रहता था। आज अमेरिका में विभिन्न उत्पादों का जितना उत्पादन होता है उससे कहीं अधिक उपभोग होता है। अमेरिकी नागरिक आज अपनी आय से अधिक व्यय करता हुआ दिखाई देता है। अमेरिका में कई नए शहरों की बसावट के पहिले, समस्त बड़े नगरों में 75 प्रतिशत श्रमिक रेल्वे एवं बसों से यात्रा करते थे। परंतु आज केवल 5 प्रतिशत नागरिक ही पब्लिक वाहनों का उपयोग, एक स्थान से दूसरे स्थान पर आने जाने के लिए, करते हैं। समस्त नागरिकों के पास अपनी अपनी कार है एवं केवल स्वयं ही उस कार में वे यात्रा करते हुए पाए जाते हैं। इससे पेट्रोल, डीजल एवं गैस की खपत में बेतहाशा बृद्धि दर्ज हुई है। द्वितीय विश्व युद्ध तक अमेरिका कच्चे तेल का एक निर्यातक देश हुआ करता था परंतु आज अमेरिका अपनी कच्चे तेल की कुल आवश्यकता का एक तिहाई भाग आयात करता है। अमेरिका में वर्ष 2000 में विदेशी व्यापार घाटा 38,000 करोड़ अमेरिकी डॉलर का था जो 2021 में बढ़कर 86,100 करोड़ अमेरिकी डॉलर का हो गया है। 1970 के दशक तक, लगभग प्रत्येक वर्ष, अमेरिका के पास विदेशी व्यापार आधिक्य हुआ करता था। परंतु, इसके पश्चात अमेरिका की स्थिति विदेशी व्यापार के मामले में लगातार बिगड़ती चली गई है।

# पेरिस पैरालंपिक के संदेश को समझना जरूरी

**यदि 2021 के टोक्यो पैरालंपिक में ही भारत ने संकेत दे दिए थे कि अब भारत पैरा स्पोर्ट्स के शिखर पर जाने को बेताब है। तो 2024 के पेरिस पैरालंपिक उस ख्वाब को हमारे दिव्यांग खिलाड़ियों ने काफी हद तक सच भी साबित कर दिया। एक दौर था जब भारत इन खेलों में दो-चार पदक ही ले पाता था। पर अब वह दिन चले गए।**

**आर.के. सिन्हा**

पेरिस में ओलंपिक खेलों में लचर प्रदर्शन के बाद पैरालंपिक में भारतीय एथलीटों के प्रदर्शन से सारा देश खुश है। हमारे एथलीटों ने अपने उल्लेखनीय और शानदार अविश्वसनीय प्रदर्शन से देश का मान बढ़ाया है। इन दिव्यांग खिलाड़ियों ने शारीरिक चुनौतियों का सामना करने के बावजूद अपने उल्लेखनीय खेल से हरेक भारतीय प्रेरित किया है। भारत ने पैरालंपिक में 29 पदकों (सात स्वर्ण, नौ रजत और 13 कांस्य) जीते, जो कि अबतक का एक रिकॉर्ड है।

इसमें कोई शक नहीं है कि पदक तालिका में भारत का 18वां स्थान, सरकार द्वारा दिव्यांग खिलाड़ियों को दिए जाने वाले प्रोत्साहन और सुविधाओं में बढ़ोत्तरी का ही प्रमाण है। इस पैरालंपिक में भारतीय कोचों और सहायक कोच भी पेरिस में खिलाड़ियों को हर तरह के सहयोग के लिए पर्याप्त संख्या में मौजूद थे। पहली बार भारतीय एथलीटों के लिए खेल गांव में एक स्पेशल रिकवरी सेंटर बनाया गया था। इससे खिलाड़ियों को चोटों से उबरने और अपनी फिटनेस को तेजी से सुधारने में मदद मिली, जिससे वे अपने प्रदर्शन में निरंतरता बनाए रख सके।

भारत ने पेरिस पैरालंपिक में 77 कोच और सहयोगी स्टाफ भेजे, जो टोक्यो पैरालंपिक में भेजे गए 45 कोच और सहयोगी स्टाफ से कहीं ज्यादा थे। इससे खिलाड़ियों को बेहतर मार्गदर्शन और देखभाल मिली, जिसका सीधा असर उनके प्रदर्शन पर पड़ा। पैरालंपिक में देश की भागीदारी ने केवल 16 वर्षों में एक उल्लेखनीय छलांग लगाई है। 2008 में बीजिंग पैरालंपिक में पाँच एथलीटों के मुकाबले अब भारतीय दल 84 हो गया है। बीते रविवार खेलों की समाप्ति से पहले भारतीय पैरालंपियनों ने एक भारतीय रेस्तरां में सुस्वादु भोजन का आनंद भी लिया। हमारे खिलाड़ी जश्न के मूड में थे। ये जश्न मनाने के हकदार भी थे।

यदि 2021 के टोक्यो पैरालंपिक में ही भारत ने संकेत दे दिए थे कि अब भारत पैरा स्पोर्ट्स के शिखर पर जाने को बेताब है। तो 2024 के पेरिस पैरालंपिक उस ख्वाब को हमारे दिव्यांग खिलाड़ियों ने काफी हद तक सच भी साबित कर दिया। एक दौर था जब भारत इन खेलों में दो-चार पदक ही ले पाता था। पर अब वह दिन चले गए। भारत अब दो अंकों में पदक हासिल कर रहा है और आसानी से अपने पिछले रिकॉर्ड को तोड़ रहा है।

बेशक, पिछले टोक्यो खेलों में भारत के 19 पदक के प्रदर्शन ने देश में पैरालंपिक खेलों को बढ़ावा देने की दिशा में एक लंबी छलांग लगाई थी। इस अर्थ में, पेरिस में यह देखना था कि क्या भारत इन खेलों में तेजी से आगे बढ़ रहा है अथवा नहीं। पैरालंपिक में हमारे श्रेष्ठ प्रदर्शन के साथ ही देश और समाज को दिव्यांगों के प्रति अधिक उदार और मानवीय रवैया अपनाना होगा। अभी भी दिव्यांगों के हक में बहुत कुछ किया जाना शेष है। क्या हमारे देश में दिव्यांगों के मनमाफिक घरों या कमर्शियल इमारतों का निर्माण हो रहा है? कतई नहीं। अब लक्जरी होम, सी-फेसिंग फ्लैट, एलिट होम वगैरह के दौर में कितने बिल्डर और आर्किटेक्ट सोचते भी हैं दिव्यांगों के मनमाफिक घर बनाने के संबंध में। वास्तव में, बहुत ही कम। अफसोस है कि हमारे यहां दिव्यांगों के लिए हाई-राइस बिल्डिंगों और दूसरे घरों में पर्याप्त जरूरी सुविधाएं उपलब्ध करवाने को लेकर सही ढंग नहीं सोचा जा रहा।

दिव्यांगों को लेकर रीयल एस्टेट कंपनियों और आर्किटेक्ट बिरादरी को ज्यादा संवेदनशील रुख अपनाना होगा। रीयल एस्टेट क्षेत्र से जुड़े सभी स्टेक होल्डर्स को विकलांगों और बुजुर्गों के लिए सुगम या कहें कि यूजर फ्रेंडली घर बनाने चाहिए। हालांकि भारत में रीयल एस्टेट सेक्टर ने बीते चंद दशकों के दौरान लंबी छलांग लगाई है, पर उन रीयल एस्टेट कंपनियों को उंगुलियों पर गिना जा सकता है जो दिव्यांगों तथा बुजुर्गों की सुविधा का ध्यान रखकर निर्माण कर रही हैं। उदाहरण के लिए आपको इस तरह की आवासीय और कमर्शियल इमारतें कम ही मिलेंगी जिनमें विकलांगों की व्हीलचेयर को लिफ्ट के अंदर लेकर जाया जा सकता है। लिफ्ट में इतना कम स्पेस रहता है कि व्हीलचेयर अंदर लेकर जाना मुमकिन नहीं होता। बाथरूम और किचन में कैबिनेट इतनी ऊंचाई में होते हैं कि दिव्यांग शख्स के लिए उनका इस्तेमाल करना बेहद कठिन होता है। इस तरह के मसलों को देखने की जरूरत है। अमेरिका में उन्हीं रियलटर्स को दिव्यांगों को घर मुहैया करवाने की इजाजत दी जाती है, जो इसके लिए योग्य और प्रशिक्षित हैं लेकिन भारत में ऐसा कोई कानून नहीं है।

देश में 16 किस्म की मान्य विकलांगता है। भारत में मानसिक और शारीरिक तौर पर विकलांग लोगों को रोजाना किसी न किसी तरह के भेदभाव का सामना करना पड़ता है। 2011 के आंकड़ों के मुताबिक भारत में करीब दो करोड़ 60 लाख विकलांग हैं। हालांकि गैर-सरकारी संगठनों के मुताबिक इनकी संख्या और बढ़ी है और यह छह और सात करोड़ के बीच हैं। संबंधित सरकारी महकमों को सुनिश्चित करना चाहिए ताकि बिल्डर और आर्किटेक्ट दिव्यागों के मनमाफिक ही इमारतें खड़ी करें। दिव्यांगों को देश के बाकी नागरिकों की तरह देखा जाना चाहिए। उन्हें अहसानों की जरूरत नहीं पर सामाजिक सम्मान के वे अवश्य हकदार हैं। पेरिस पैरालंपिक के विजेताओं को भी उसी तरह पुरस्कृत किया जाये, जैसे ओलंपिक खेलों के विजेता हुए हैं।

विकलांगों के आवास के लिए विशेष योजना बनाने की जरूरत है। व्हीलचेयर पर चलने वाली आबादी का मानना है कि कहीं भी प्रवेश की सुविधा होना अत्यंत महत्वपूर्ण है। एक दिव्यांग को अपने घर से बाहर, कॉलेज या दफ्तर जाने के लिए, बस पकड़ने, शॉपिंग कांप्लेक्स जाने या अन्य सार्वजनिक इमारतों में प्रवेश की वैसी ही सुविधा होनी चाहिए, जैसी सामान्य लोगों के लिए होती है। देश में स्थिति यह है कि अधिकतर स्थानों पर विकलांग व्यक्ति आसानी से जा नहीं सकते। अगर पश्चिम के देशों की बात करें तो वहां सार्वजनिक भवनों के गेट बहुत भारी-भरकम नहीं होते, जिससे व्हीलचेयर पर बैठा व्यक्ति भी बिना किसी अन्य सहायता के स्वयं सुगमता से आ-जा सकता है। सभी प्रसाधन स्थान भी इन सुविधाओं को ध्यान में रख बनाए गए हैं। लिफ्ट में खासतौर पर ऑपरेशनल स्विचों को नीचे की तरफ लगाया जाता है, जिससे विकलांग व्यक्ति को परेशानी का सामना न करना पड़े। पेरिस पैरालंपिक देश के लिए एक संदेश भी है कि हमें दिव्यांगों को उनका हक देना ही होगा।

**(लेखक, वरिष्ठ संपादक, स्तंभकार और पूर्व सांसद हैं।)**

# पितृपक्ष में शुभ संकेत

पितृपक्ष इस साल 17 सितम्बर से शुरू होकर 2 अक्टूबर को समाप्त होंगे। पितृपक्ष के दौरान कोई भी मंगल कार्य करने की मनाही होती है क्योंकि ऐसा माना जाता है कि पितृपक्ष में पूर्वज एक बार फिर से धरती पर आते हैं। इस कारण ऐसे समय में पितरों की शांति और मुक्ति के लिए तर्पण किया जाता है। पितृपक्ष से कई धार्मिक मान्यताएं भी जुड़ी हुई हैं। इन मान्यताओं के अनुसार पितृपक्ष में कुछ ऐसे संकेत दिखाई देते हैं, जिनसे पता चलता है कि आपके पूर्वज आपसे बेहद खुश हैं और आपकी तरक्की होने वाली है। आइए, जानते हैं पितृपक्ष में किन संकेतों को शुभ माना जाता है।घर में लगाए हुए पेड़-पौधे कई बार बहुत देखभाल करने के बाद भी नहीं रह पाते लेकिन पितृपक्ष में अगर मर चुका यानी मुरझा चुका कोई पौधा फिर से खिल जाए और फिर से हरा-भरा नजर आने लगे, तो यह भी एक संकेत है कि आपके पूर्वज आपसे बहुत खुश हैं। ऐसे में आपको समझ जाना चाहिए कि पितरों की विशेष कृपा आप पर बनी हुई है।

आपको अगर अपने पूर्वजों या मृत हो चुके रिश्तेदारों के सपने आए और सपने में वे खुश दिखाई दें, तो आपके लिए यह भी एक संकेत है कि आपके पितर आपसे बहुत ही खुश हैं। सपने में पितरों को खुश देखना आपकी तरक्की का भी सूचक है। ऐसे में पितरों की मुक्ति के लिए विशेष पूजा-हवन भी जरूर करें। कुछ लोग घर में काली चींटियों के आने पर बहुत ज्यादा परेशान हो जाते हैं लेकिन आपको काली चींटियों के घर पर आने से परेशान नहीं होना चाहिए बल्कि जहां से चींटियां निकल रही हैं, वहां पर आपको आटा रख देना चाहिए। इससे कुछ ही देर में चींटियां वहां से चली जाएंगी। पितृपक्ष में घर में चींटियों का आना शुभ माना जाता है। पितरों की प्रसन्नता का यह भी एक संकेत है। आजकल कौए नजर नहीं आते हैं। शहरों में तो यह प्रतिशत और भी कम होता जा रहा है लेकिन अगर पितृपक्ष में आपके घर के आंगन, छत, खिड़की आदि जगहों पर कौआ आकर कांव-कांव करता है, तो यह पितरों के खुश होने का संकेत माना जाता है। कौए को यमराज का दूत भी कहा गया है। ऐसे में मान्यता है कि कौआ यमलोक से पितरों का कोई संदेश लेकर आता है। यह एक आम बात लग सकती है लेकिन यहां विशेष बात यह है कि अगर पितृपक्ष में कोई भूखा व्यक्ति या फिर जरुरतमंद केवल आपके पास आकर आपसे भोजन कराने की प्रार्थना करे या फिर अन्नदान मांगे, तो यह भी शुभ संकेत है कि आपके पितर उस व्यक्ति के माध्यम से कुछ कहना चाहते हैं। ऐसे व्यक्ति की हर सम्भव मदद जरूर करनी चाहिए।

पितृपक्ष में इस घटना को भी बेहद विशेष माना जाता है। कोई जानवर जैसे गाय, कुत्ता, बिल्ली, बकरी, भैंस आदि आकर अगर आपका रखा हुआ भोजन सप्रेम ग्रहण करके वहां से चला जाता है, तो यह भी एक शुभ संकेत है कि आपके पितरों का आशीर्वाद आप पर बना हुआ और आप जीवन में तरक्की की ओर अग्रसर हो रहे हैं।

## आपके पत्र

### हरियाणा में अपनों ने बढ़ाई बीजीपी की मुश्किल

**टिकट** वितरण के समय राजनीतिक दलों में असंतोष नया नहीं, लेकिन हरियाणा बीजेपी में जो कुछ हो रहा है, उसे असंतोष नहीं, बगावत कहना सही होगा। जैसे-जैसे प्रत्याशियों की लिस्ट आती गईं, बगावत के स्वर मुखर होते गए। बेशक, दस साल बाद सत्ता में वापसी की आस लगा रही कांग्रेस को भी इससे बीजेपी पर तंज करने का मौका मिल गया है, लेकिन नहीं भूलना चाहिए कि खुद कांग्रेस भी हरियाणा में लंबे वक्त से गुटबाजी का शिकार रही है और वह इस बार प्रत्याशियों की घोषणा बहुत सावधानी के साथ कर रही है।

हरियाणा बीजेपी आज जिस तरह की बगावत का सामना कर रही है, शायद ही यहां उसके साथ पहले ऐसा हुआ हो। इसकी वजह भी है। चार मंत्रियों समेत 15 विधायकों के टिकट काटना सामान्य तो हरगिज नहीं है। 90 सदस्यीय हरियाणा विधानसभा में बीजेपी को पिछली बार 40 सीटें मिली थीं। यानी एक-तिहाई से भी ज्यादा विधायकों के टिकट काट दिए गए। लेकिन यह बात भी सही है कि ऐसी ही रणनीति दूसरे राज्यों में उसके लिए कारगर साबित हो चुकी है।

**राज कुमार सिंह**

मेट्रो रेज की ओर से स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक जीतेन्द्र कुमार सिंह के लिए जेके न्यूज नेटवर्क, पिपरटोली, अरगोड़ा, रांची 834002 (झारखंड) से प्रकाशित तथा शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा, पेट्रोल पंप रातू रोड, रांची , (झारखंड) से मुद्रित।
**प्रधान संपादक** : जीतेन्द्र कुमार सिंह, **संपादक** : लाल दिवाकर नाथ शाहदेव*, *पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 7369017908, R.N.I. No.-JHAHIN/2017/75028 **website : www.metrorays.in** **email : metrorays.ranchi@gmail.com**

# बरहरवा प्रखण्ड मेंआपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का हुआ आयोजन

मेट्रो रेज



**साहिबगंज/बरहरवा :** प्रखंड अंतर्गत हस्तिपाडाय पंचायत एवं विशनपुर पंचायत में आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का शुभारंभ प्रखंड विकास पदाधिकारी सनी कुमार दास, कांग्रेस 20 सूत्री अध्यक्ष अशोक कुमार दास, 20 सूत्री सदस्य तपेश्वर साहा एवं बरहरवा प्रखंड के पदाधिकारीगण ने दीप प्रज्वलित करके किया,इस दौरान बरहरवा प्रखंड 20 सूत्री अध्यक्ष अशोक कुमार दास ने लोगों को सम्बोधित करते हुए बताया कि एक विशाल पेड़ की तरह विराट है हमारा झारखण्ड। इसी विशाल पेड़ की जड़ों को सींचने का काम कर रही है आपकी झारखण्ड सरकार। झारखण्ड के अमर वीर शहीदों और महान क्रांतिकारियों के सपनों को साकार करते हुए राज्य को सतत विकास की ओर ले जाने का कार्य किया जा रहा है। झारखण्ड के विकास में, यहां के गरीब-गुरुबा और शोषित, वंचित को ध्यान में रखा जा रहा है।आदिवासी-मूलवासी के हक-अधिकार का सम्मान किया जा रहा है। झारखण्ड को देश के विकसित राज्यों के समकक्ष ले जाने के क्रम में यहाँ के गांव, जंगल, जमीन, सभ्यता, और संस्कृति को भी ध्यान में रखा जा रहा है। राज्य और राज्यवासियों के विकास के लिए अनेकों लोक- कल्याणकारी योजनाओ को प्रारंभ किया गया है। विगत तीन वर्षों से झारखण्ड सरकार द्वारा राज्यभर में आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम चलाया जा रहा है। जिसमें लाखों आवेदनों का ससमय निष्पादन किया गया। जहां पहले राज्य के सुदूर इलाकों में कोई पदाधिकारी नहीं जाता था, वहां, आज पदाधिकारियों को योजनाओं की गठरी बांध-बांध कर भेजा जा रहा है। इस क्रम में लाखों जरूरतमंद लोगों को सर्वजन पेंशन, सोना सोबरन धोती-साड़ी, हरा राशन कार्ड, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन, मुख्यमंत्री पशुधन तथा सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि जैसी कई लोक-हितकारी योजनाओं से जोड़ा गया है ।इस वर्ष पुनः धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की जयंती एवं झारखण्ड राज्य स्थापना दिवस के शुभ अवसर पर आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम को प्रारंभ किया गया। इन शिविरों के माध्यम से जरूरतमंद लोगों को अबुआ आवास, गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड, बिरसा हरित ग्राम, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन, सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि, मुख्यमंत्री पशुधन, सर्वजन पेंशन एवं अबुआ वीर अबुआ दिशोम जैसी योजनाओं के अंतर्गत लाभ देने के साथ-साथ विभिन्न प्रकार के प्रमाण-पत्र भी निर्गत किये जाएंगे ।राज्य की जनता तक लाभ पहुँचाने के लिए विकास कार्यों को हमें मिलकर आगे बढ़ाना है। सरकार की योजना को अंतिम पायदान पर खड़े जनता के दरवाजे तक पहुँचाना ही हमारे गठबंधन की सरकार का लक्ष्य है। मैं चाहूंगा की इस अभियान से जुड़कर आप सरकार की योजनाओं का लाभ लें एवं अपील करूंगा कि अपने आस-पास के जरुरतमंद साथियों को भी इस अभियान से जुड़ने के लिए प्रेरित करें।

# लातेहार व मनिका विस सीट के लिए भाजपा से 14 दावेदार

मेट्रो रेज



**लातेहार :** आगामी महीनों में झारखंड में विधानसभा चुनाव होने वाले हैं। सभी राजनैतिक दल इसकी तैयारियों में जुट गये हैं। लगातार कार्यकताओं के साथ बैठक और सम्मेलन किये जा रहे हैं। संभावित प्रत्याशियों की सूची मंगायी जा रही है। दलों के नेता भी अपनी दावेदारी प्रस्तुत कर रहे हैं। जहां तक भाजपा की बात है तो भाजपा के कुल 14 प्रत्याशियों ने लातेहार व मनिका विधानसभा सीट के लिए अपनी दावेदारी प्रस्तुत की है। इनमें लातेहार व मनिका विधानसभा सीटों के लिए सात-सात दावेदार हैं। दोनों पूर्व विधायक भी हैं रेस में

लातेहार व मनिका विधानसभा क्षेत्र के दोनो पूर्व विधायक टिकट की दावेदारी की है। लातेहार से प्रकाश राम व मनिका विधानसभा क्षेत्र से हरिकृष्ण सिंह ने अपनी दावेदारी प्रस्तुत की है। प्रकाश राम के अलावा लातेहार से चेतलाल रामदास, सूरज देवी, संतोष पासवान, बृजमोहन राम (बारियातू), बृजमोहन राम (चंदवा) व नागमणि का नाम शामिल है। जबकि मनिका विधानसभा क्षेत्र से हरिकृष्ण सिंह, पूनम सिंह, अवधेश सिंह चेरो, सुभाष सिंह बलवंत सिंह, शिल्पा कुमारी व कन्हाई सिंह का नाम शामिल है। रायशुमारी की जा चुकी है

बता दें कि प्रत्याशियों के चयन के लिए गत 11 सितंबर को शहर के पंडित दीनदयाल उपाध्याय नगर भवन में भाजपा नेता व कार्यकताओं से रायशुमारी की गयी थी। जिला अध्यक्ष पंकज सिंह की अध्यक्षता में एक बैठक कर रायशुमारी की गयी। मौके पर बतौर पर्यवेक्षक पूर्व प्रदेश प्रवक्ता प्रेम मित्तल एवं रघुराज पांडेय मौजूद थे। इसमें बूथ स्तर के कार्यकर्ताओ से भी रायशुमारी ली गयी और उन्हें वोटिंग का अधिकार दिया गया। लोगों ने मतपेटी में अपने पसंदीदा प्रत्याशी के नामों को डाला। बैठक मे भाजपा जिला के सभी पदाधिकारी, कार्यसमिति सदस्य, सभी मोर्चों के जिलाध्यक्ष एवं पदाधिकारी, मंडल कार्य समिति निवर्तमान मंडल अध्यक्ष, शक्ति केंद्र के संयोजक सह संयोजक एवं प्रभारी, प्रदेश के कार्यसमिति एवं मोर्चा के प्रदेश कार्य समिति सदस्यों से रायशुमारी ली गयी। मतपेटी को रांची मे खोला जायेगा और प्रदेश स्तर के नेता रायशुमारी कर नामो को शॉर्टलिस्ट करेंगे।

# मदरसा फैजुल उलूम हरिहरा में बहाली प्रकिया विवाद को लेकर हुई जांच

मेट्रो रेज




**साहिबगंज/बरहरवा :** प्रखंड क्षेत्र के हरिहरा पंचायत स्थित मदरसा फैजुल उलूम, हरिहरा में 3 पदों के लिए आलिम एवं शिक्षक बहाली को लेकर विवाद थामने का नाम नहीं ले रहा है। बहाली प्रक्रिया में कथित धांधली को लेकर ग्रामीणों की शिकायत पर जिला शिक्षा पदाधिकारी के आदेश पर गुरुवार को क्षेत्र शिक्षा पदाधिकारी एवं प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी के नेतृत्व में मदरसा का स्थलीय जांच किया गया। इस दौरान जांच टीम ने प्रधान मौलवी मजहरूल इस्लाम से आवश्यक कागजातों की मांग की। इस दौरान ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि मदरसा के प्रधान मौलवी मजहरुल इस्लाम एवं सचिव मंजारूल इस्लाम के मिलीभगत से मोटी रकम लेकर पहले ही 3 आवेदकों का चयन कर लिया गया है। इनमें से एक प्रधान मौलवी का पुत्र भी है। इसे लेकर ग्रामीणों ने भरपूर विरोध दर्ज कराया। हालांकि इससे पहले जिला शिक्षा पदाधिकारी के पत्रांक 1713, 09 सितम्बर के माध्यम से बहाली को लेकर राजस्थान इंटर विद्यालय, साहेबगंज में 12 सितंबर को आयोजित होने वाले साक्षात्कार से तत्काल प्रभाव से रद्द कर दिया गया था। एवं जांच पूरी होने तक अगले आदेश तक साक्षात्कार पर रोक लगाया गया है।

## चतरा जिले में करमा अखरा पर गूंज रहे पारंपरिक गीत

**चतरा :** जिले में करम परब को लेकर चहूंओर चहल-पहल है। भाई की सलामती के लिए बहनों के द्वारा किया जाने वाला प्रकृति पर्व कर्मा एकादशी व्रत 14 सितंबर को मनाया जाएगा। शुक्रवार को व्रत का नहाय-खाय और संयत है। कर्मा एकादशी व्रत को लेकर खास कर युवतियों के के द्वारा विशेष तैयारी की जा रही है। इस व्रत को लेकर एक सप्ताह पूर्व से ही व्रत करने वाली युवतियां एवं महिलाएं इसकी तैयारी में जुट जाती है। गांव के चौराहों पर प्रत्येक दिन संध्या में अखरा सजता है और झूमर का आयोजन होता है। व्रत को लेकर खासकर युवतियां विशेष उत्साहित हैं। वैसे झारखंड का यह महत्वपूर्ण पर्व है।

# पुरानी धर्मशाला निर्माण समिति की नई समिति गठित

मेट्रो रेज



**साहिबगंज/बरहरवा :** झारखंड राज्य हिन्दू धार्मिक न्यास पर्षद द्वारा पत्रांक-686/2024 दिनांक-4 सितम्बर के आलोक में प्रपत्र अधिसूचना जारी करते हुए पुराणी धर्मशाला निर्माण समिति का नवगठन की जानकारी देते हुए लेखांकित किया है कि पुराणी धर्मशाला निर्माण समिति बरहरवा जिला साहेबगज की सुव्यवस्थित एवं सुचारू संचालन प्रबंधन के लिए अधिनियम की धारा-29, 2 के अधीन अनुमंडल पदाधिकारी राजमहल के द्वारा पूर्व गठित समिति को अवक्रमित कर बोर्ड द्वारा बिहार हिन्दू धार्मिक न्यास अधिनियम-1950 अंगीकृत धारा-32 ,2 में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए अगले आदेश तक के लिए ग्यारह सदस्यीय नई समिति गठित की गई है जिसमें अनुमंडल पदाधिकारी राजमहल अध्यक्ष पदेन नीरज कुमार वर्मा उपाध्यक्ष, मनोज बोहरा सचिव राजीव रंजन कोषाध्यक्ष एवं मनोज कुमार भगत,रघुनाथ केडिया, आयुष भगत,सतीश भगत,सज्जन चौधरी व राजेश कुमार भगत को सदस्य के रूप में विस्तारीकरण पुर्नगठन किया गया है।

## राजमहल-मानिकचक फेरी सेवा हुई शुरू



मेट्रो रेज

**साहिबगंज :** राजमहल-मानिकचक फेरी सेवा गंगा के जलस्तर बढ़ने के कारण विगत जून महीने के प्रथम सप्ताह से बंद हो गया था। जिसके कारण राजमहल अनुमंडल क्षेत्र वासियों को अनेक कठिनाइयों का सामना करना पड़ा।ए ाहां के लोगों को मुख्य रूप से चिकित्सीय सुविधा के लिए बंगाल के मालदा जिला जाना पड़ता है। साथ ही व्यापार करने वाले लोगो को भी परेशानी हो रही थी। वही घाट प्रबंधक को बंगाल प्रशासन से स्वीकृति मिलने के बाद राजमहल मानिकचक फेरी सेवा प्रारंभ हुई। जिससे राजमहल वासियो में खुशी की लहर है।

# भाजपा एसटी मोर्चा का धरना- प्रदर्शन 16 को

मेट्रो रेज



साहिबगंज/पतनाः भारतीय जनता पार्टी के सैकड़ो कार्यकताओं की बैठक पतना में आयोजित की गई जिसकी अध्यक्षता भारतीय जनता पार्टी बरहरवा एसटी मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष सुनील मुर्मू ने की ।बैठक में आगामी 16 सितंबर को साहेबगंज जिले में होने वाले धरना प्रदर्शन को लेकर विशेष चर्चा की गई जिसमें झारखंड सरकार की भ्रस्टाचारी नीतियों व कुव्यवस्था के खिलाफ प्रदर्शन की जाएगी सरकार इस भीषण गर्मी और कड़ाके की धूप में उत्पाद सिपाही की बहाली की प्रक्रिया पूरी तह से फैल साबित हो रही है ।इस बहाली की प्रकिया के दौरान झारखंड के नवयुवकों की जान जा रही है ।लगातार बहाली के लिए गए नवयुवक इन कड़कती धूप में भरपूर मेहनत कर रहे है बावजूद बेहोश हो जा रहे है मूर्छित होकर बीमार हो रहे है। वर्तमान में भी कई नवयुवक अभ्यर्थी अस्पताल में भर्ती है। परन्तु झारखंड सरकार की कुनीतियों के शिकार हुए इन मासूम नवयुवकों के लिए सरकार को कोई चिंता नहीं है केवल भ्रष्टाचार के चाशनी में भोली भाली जनता को डुबो कर अपनी रोटी शेंकने का काम कर रही है ।इसके खिलाफ भारतीय जनता पार्टी महा धरना प्रदर्शन करेगी और प्रशांशनिक भ्रस्टाचार के खिलाफ लड़ेगी इन विषयों पर उपस्थित कार्यकताओं को कार्यक्रम को लेकर विस्तृत जानकारी दी गई ।मौके पर एसटी मोर्चा का जिला अध्यक्ष चौकीदार हादसा, पतना प्रखंड के मंडल अध्यक्ष कुणाल किशोर मंडल ,एसटी मोर्चा के प्रदेश कार्य समिति सदस्य ग्वालियर हेंब्रम बरहेट विधानसभा के विस्तारक रोहित कुमार महतो मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

## हजारीबाग शहर में रेंगती यातायात व्यवस्था, पुलिस फाइन काटने में व्यस्त

**हजारीबाग :** शहर इन दिनों जाम की समस्या से कराहता नजर आ रहा है। यहां गाड़ियां सरपट दौड़ती नहीं, बल्कि रेंगती हैं। इतना ही नहीं यहां की सड़कों पर अब लोग पैदल भी ठीक से नहीं चल पा रहे हैं। हर रोज यहां एम्बुलेंस भी कई घण्टे जाम में फंस रहे हैं और यातायात पुलिस बगैर हेलमेट वाहन चालकों की फोटो खींचने में व्यस्त है। उल्लेखनीय है कि हजारीबाग में बिना हेलमेट के दो पहिया वाहन चालकों को फोटो खींचकर पुलिस चालान उनके घर भेज रही है ताकि शहर में जाम की समस्या न हो। फिर भी यहां अब तक जाम की समस्या का निराकरण नहीं हो सका है। कारण कि शहर का सड़क अतिक्रमण और टोटो वाहन से पूरी तरह फंसी हुई है। शहर के लोगों का कहना है कि जिला प्रशासन और सांसद,विधायक अब तक लोगों को जाम से निजात दिलाने में नाकामयाब रही है।

## न्यूज IN ब्रीफ

### बिजली चोरी के मामले में चार पर प्राथमिकी

**साहिबगंज/मंडरो :** बिजली उर्जा चोरी की रोकथाम को लेकर गुरुवार को विद्युत विभाग के सहायक अभियंता सत्यदेव कुमार, कनीय अभियंता दीपक कुमार सिंह, कनीय अभियंता नील गगन, संतोष ठाकुर, विजय कुमार सिंह के साथ टीम गठित कर मिजाचौकी थाना क्षेत्र के पिंडरा और व मुफस्सिल थाना क्षेत्र के उत्तर करमटोला में छापेमारी अभियान चलाकर कुल चार व्यक्ति को बिजली चोरी करते पकड़ा गया जिसमें श्याम पंडित, प्रदीप पंडित, कैमरून जमाल, शेख माजिद शामिल है। उक्त सभी व्यक्तियों पर क्षतिपूर्ति जुमार्ना के साथ-साथ संबंधित थाना में प्राथमिकी दर्ज करने को लेकर आवेदन दिया गया है। इधर जेई दीपक कुमार सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि विद्युत ऊर्जा चोरी कर सरकार को राजस्व की क्षति पहुंचाना एक अपराध है और जिन विद्युत उपभोक्ताओं के द्वारा अब तक विद्युत मीटर नहीं लगाया गया है जल्द से जल्द विद्युत मीटर लगा ले साथ ही साथ बिना विद्युत कनेक्शन के विद्युत ऊर्जा उपयोग करने वाले उपभोक्ता नया विद्युत कनेक्शन कराकर ही उपयोग करें अन्यथा पकड़े जाने पर जुमार्ना के साथ-साथ प्राथमिकी दर्ज की कार्रवाई किया जाएगा।

### हरिजन उच्च विद्यालय में चहारदीवारी निर्माण में भारी अनियमितता



**साहिबगंज/उधवा :** प्रखंड क्षेत्र के उत्तरी सरफराजगंज पंचायत के हरिजन उच्च विद्यालय फुदकीपुर में चार दीवारी घेराबंदी निर्माण कार्य में नियमों की हो रही अनदेखी,जेई एवं ठेकेदार मनमानी तरीके से योजना में लिपापोती कर सरकारी राशी का कर रहे हैं जमकर बंदरबांट, योजना में निम्न क्वालिटी के ईद,बालू,सिमेंट का हो रहा उपयोग। योजना स्थल पर योजना से संबंधित किसी प्रकार नही लगा है कोई साइन बोर्ड,जेई और ठेकेदार किसी स्थानीय बिचौलिए को कार्य की सौंपी है जिम्मेवारी,मनमानी तरीके से हो रही है। कार्य ।बताया जा रहा है। कि उक्त योजना लगभग 48 लाख रुपए की है ।जिस तरह से लिपापोती का कार्य हो रहा है ।इसमें कुछ ही दिनों में उक्त योजना भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ने से इनकार नही किया जा सकता है। विभाग को इस पर संज्ञान लेते हुए आवश्यक कार्रवाई करने की अवश्यकता है ।जांच में हो सकता है बड़ी खुलासा। यह सोचने वाली बात है कि जांच होगी कि नहीं? ।

### मंकीपॉक्स को लेकर लातेहार स्वास्थ्य विभाग अलर्ट

**लातेहार :** मंकीपॉक्स का पहला मामला देश में आया है। केंद्रीय निर्देश के बाद स्वास्थ्य विभाग अलर्ट मोड में है। लातेहार स्वास्थ्य विभाग भी अलर्ट हो गया है। सिविल सर्जन डॉ। अवधेश कुमार सिंह ने कहा है कि मंकीपॉक्स से निपटने के लिए स्वास्थ्य विभाग पूरी तरह से अलर्ट है। उन्होंने कहा कि भारत में मंकीपॉक्स के एक मामले की पुष्टि हुई है। जिले में इससे निपटने के लिए सदर अस्पताल में पूरी तैयारी कर ली है। इसे लेकर एक अलग से वार्ड बनाया गया है। यदि जिले में ऐसे कोई भी मामले सामने आता है। तो उससे निपटने के लिए तैयार हैं। उन्होंने आगे बताया कि लोगों को इससे घबराने की जरूरत नहीं है। उन्होंने कहा कि मंकीपॉक्स से संक्रमित होने के बाद मरीज में लिम्फ नोड्स में सूजन आ जाती है या उनका आकार ज्यादा बढ़ जाता है। इस तरह के लक्षण मिलने पर नजदीकी चिकित्सक से परामर्श लेने की अपील की है।

### कोल इंडिया के वित्त निदेशक ने किया खदान का निरीक्षण

**लातेहारः** कोल इंडिया के वित्त निदेशक मुकेश अग्रवाल ने सीसीएल के वित्त निदेशक पवन कुमार मिश्रा व वित्त महाप्रबंधक सुशील कुमार सिन्हा ने सीसीएल के महत्वाकांक्षी मगध परियोजना का दौरा किया। कोल इंडिया के वित्त निदेशक मुकेश अग्रवाल का मगध परियोजना में यह पहला दौरा था। वित्त निदेशक मुकेश अग्रवाल पहले मगध परियोजना कार्यालय स्थित अवंतिका गेस्ट हाउस पहुंचे। यहां मगध-संघमित्रा क्षेत्र के महाप्रबंधक नृपेंद्रनाथ और परियोजना पदाधिकारी सदाला सत्यानारायणा सहित परियोजना के वरिष्ठ अधिकारियों ने उनका पारंपरिक तरीके से बुके देकर व शॉल ओढ़ाकर स्वागत किया। वित्त निदेशक मुक्रेश अग्रवाल ने अपने दौरे का क्रम में परियोजना के व्यू पॉइंट से खनन गतिविधियों का जायजा लिया व खदान संचालन से संबंधित विभिन्न विषयों पर महाप्रबंधक के साथ चर्चा की। उन्होंने उत्पादन व डिस्पैच सम्बन्धी गतिविधियों और खदान के विस्तार योजना पर अधिकारियों के साथ संवाद किया। महाप्रबंधक नृपेंद्रनाथ ने कोल इंडिया के वित्त निदेशक मुकेश अग्रवाल को परियोजना के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी एवं परियोजना रिपोर्ट पर चर्चा की। वित्त निदेशक एवं अन्य अतिथियों ने पौधरोपण भी किया।

### मंडल कारा में स्वरोजगार कार्यक्रम का आयोजन



**साहिबगंजः** भारतीय स्टेट बैंक ग्रामीण रोजगार प्रशिक्षण संस्थान के तत्वावधान से साहिबगंज मंडल कारा में बंदियों को स्वरोजगार प्रशिक्षण के तहत ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान तृतीय प्रशिक्षण सत्र प्रारम्भ किया गया ।इस सत्र में 30 बंदियों के समूह को साबुन,फिनाइल एवं डिटर्जेंट पाउडर निर्माण का प्रशिक्षण दिया जाएगा। मौके पर मंडल कारा अधीक्षक चन्द्रशेखर प्रसाद सुमन,आरसेटी के प्रशिक्षक उपेन्द्र गोप,ट्रेनर माला साह उपस्थित थे।

### कोडरमा में अलग-अलग सड़क हादसों में दो की मौत

**कोडरमा :** जिले में हुए अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में दो लोगों की मौत हो गई। पहली घटना में बीती रात चंदवारा थाना अंतर्गत टोल टैक्स के समीप अज्ञात वाहन की चपेट में आने से ट्रेलर वाहन चालक की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान बिहार के गया निवासी रविंद्र कुमार (35) के रूप में हुई है। रविंद्र कुमार टोल टैक्स के समीप अपने वाहन को खड़ा कर बाजार की तरफ जा रहे थे। इस दौरान अज्ञात वाहन ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया, जिसमें उनकी मौके पर मौत हो गई।

# मीनाक्षी शेषाद्रि का भरतनाट्यम शैली में पंचदेव आराधना



**रायगढ़** चक्रधर समारोह की सांगीतिक यात्रा के समारोह की पांचवी शाम बुधवार को सिने जगत की प्रसिद्ध अदाकारा और भरतनाट्यम की विख्यात नृत्यांगना मीनाक्षी शेषाद्रि ने भरतनाट्यम की मनभावन प्रस्तुति दी। बीस साल बाद मीनाक्षी शेषाद्रि ने शास्त्रीय नृत्य का सफर रायगढ़ की सांगीतिक धरा से फिर से शुरू किया। उन्होंने भरतनाट्यम शैली में पंचदेव आराधना का बेहतरीन प्रस्तुतिकरण किया। चक्रधर समारोह में मौजूद कला प्रेमियों के मन में देवी देवताओं के पांचों स्वरूप का भावविभोर करने वाला चित्रण उभर आया। अभिनेत्री मीनाक्षी शेषाद्रि ने यूएसए से भारत वापसी के बीस साल के बाद रायगढ़ की सांगीतिक धरा में भरतनाट्यम की प्रथम प्रस्तुति दी है। उन्होंने भगवान श्री गणेश की स्तुति से आरंभ करते हुए नृत्य और उल्लास का बेहतरीन प्रदर्शन प्रभु नटराज शिव, मां सरस्वती, भगवान शिव के तांडव रूप, देवी के शांत, श्रृंगार सुंदरता रूप और मां चंडी के रूप सहित भगवान श्री कृष्ण के रूप का प्रदर्शन करते हुवे मंत्रमुग्ध करने वाला पंचदेव आराधना का प्रदर्शन किया।

### नृत्य की चार शास्त्रीय विधा में पारंगत

मीनाक्षी शेषाद्रि का फिल्मी कैरियर में भी एक अलग पहचान है। इनके भीतर प्रख्यात फिल्मी पर्दे के इतर विशेष सांस्कृतिक संपन्नता है। इन्होंने बाल्यावस्था में महज तीन साल की उम्र से ही संगीत व नृत्य सीखना शुरू कर दिया था। वे एक, दो या तीन नहीं बल्कि भरतनाट्यम, कत्थक, ओडीसी और कुचीपुड़ी सहित चार शास्त्रीय विधा में पारंगत हैं।

### ओडीसी और भरतनाट्यम की प्रस्तुति

उन्होंने चक्रधर समारोह में ओडीसी और भरतनाट्यम की मनमोहक प्रस्तुति दी। इन्होंने पेंटर बाबू, दामिनी जैसी कई चर्चित फिल्मों में अपनी कला का प्रदर्शन किया है। इन्होंने देश और देश से बाहर भी भरतनाट्यम का कई बड़े मंचों पर प्रदर्शन किया है।

### कहा- यहां आकर उल्लास का अनुभव

उन्होंने चक्रधर समारोह में आए सभी दर्शकों को संबोधित करते हुए कहा की यहां आकर मैं अपने भीतर बहुत ही उल्लास का अनुभव कर रही हूं। चक्रधर समारोह के अवसर पर रायगढ़ जिले में बहुत ही मनोरम वातावरण है। उन्होंने कहा की मां सरस्वती के आशीर्वाद से ही मैं आपके सामने हूं। उन्होंने कहा की आज की तारीख उनके लिए बहुत ही खास है।

# करीना कपूर ने कहा, 'मुझे बोटॉक्स की ज़रूरत महसूस नहीं होती, मेरे पति मुझे सेक्सी पाते हैं'

अभिनेत्री करीना कपूर की आत्म-स्वीकृति और प्रामाणिकता की ओर यात्रा, उम्र बढ़ने को शालीनता से अपनाने का एक प्रमाण है। हार्पर बाज़ार पत्रिका के साथ एक साक्षात्कार में, अभिनेत्री ने प्राकृतिक सुंदरता के विचार का समर्थन किया और अपने रूप को बदलने के दबाव को आत्मविश्वास से अस्वीकार कर दिया। 44 की उम्र में, करीना ने अपने रूप को बदलने या युवावस्था का पीछा करने के दबाव के आगे झुकने से इनकार कर दिया। उन्होंने कहा ₹उम्र सुंदरता का एक हिस्सा है। यह रेखाओं से लड़ने या युवा दिखने की कोशिश करने के बारे में नहीं है; यह उस उम्र को अपनाने और उससे प्यार करने के बारे में है जिस पर आप हैं। मैं 44 साल की हूँ और मैंने कभी बेहतर महसूस नहीं किया। मुझे बोटॉक्स या किसी भी कॉस्मेटिक वृद्धि की आवश्यकता महसूस नहीं होती। मेरे पति मुझे सेक्सी पाते हैं, मेरे दोस्त कहते हैं कि मैं अद्भुत दिखती हूँ, और मेरी फ़िल्में सफल हो रही हैं। मैं ऐसी भूमिकाएँ निभाती हूँ जो मेरी उम्र को दर्शाती हैं और मुझे इस पर गर्व है। मैं चाहती हूँ कि लोग मुझे देखें कि मैं कौन हूँ और इसकी सराहना करें। इसके अलावा, उम्र बढ़ने और शरीर के प्रति आत्मविश्वास के मामले में अभिनेत्री का आत्मविश्वास हमेशा से ही अटल रहा है। करीना ने कहा, 'शुरू से ही मुझे भरोसा था कि मेरी प्रतिभा और समर्पण से मुझे काम मिलता रहेगा। मैंने अपना ख्याल रखा, फिट रही और खुद का सर्वश्रेष्ठ संस्करण बनने पर ध्यान केंद्रित किया।' अभिनय के प्रति करीना कपूर का जुनून स्टारडम से कहीं आगे है। अपने परिवार की अभिनय विरासत के प्रति गहरे सम्मान के साथ, वह हमेशा सफलता को चुनौतीपूर्ण भूमिकाओं के साथ मिलाने के लिए दृढ़ संकल्पित रही हैं, जो एक अभिनेता के रूप में उनकी बहुमुखी प्रतिभा को प्रदर्शित करती हैं। उन्होंने कहा कि मेरा लक्ष्य हमेशा एक गंभीर अभिनेता के रूप में पहचाना जाना रहा है, न कि केवल एक स्टार के रूप में। जबकि एक स्टार होना बहुत अच्छी बात है, मैं हमेशा चुनौतीपूर्ण भूमिकाएँ निभाने की इच्छा से प्रेरित रही हूँ। एक समृद्ध अभिनय विरासत वाले परिवार से होने के कारण - मेरे दादा (राज कपूर), शशि कपूर, शम्मी कपूर, ऋषि कपूर और मेरी बहन करिश्मा - मैं यह साबित करना चाहती थी कि मैं एक स्टार होने के साथ-साथ एक गंभीर अभिनेता भी हो सकती हूँ। चाहे वह जब वी मेट की व्यावसायिक सफलता हो या उड़ता पंजाब (2018) का गहन ड्रामा, मैंने हमेशा ऐसी भूमिकाएँ चाही हैं जो मेरी सीमाओं को आगे बढ़ाएँ और मेरी बहुमुखी प्रतिभा को प्रदर्शित करें। काम के मोर्चे पर, करीना कपूर अपनी आगामी फिल्म द बकिंघम मर्डर्स की रिलीज का इंतजार कर रही हैं। यह फिल्म 13 सितंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। फिल्म के कलाकारों में करीना कपूर खान, ऐश टंडन, रणवीर बराड़ और कीथ एलन शामिल हैं। हंसल मेहता द्वारा निर्देशित और असीम अरोड़ा, कश्यप कपूर और राघव राज कक्कड़ द्वारा लिखित, यह महाना फिल्म्स और टीबीएम फिल्म्स प्रोडक्शन है, जिसे बालाजी टेलीफिल्म्स द्वारा प्रस्तुत किया गया है और शोभा कपूर, एकता आर कपूर और पहली बार निर्माता करीना कपूर खान द्वारा निर्मित है।



# पेरिस फैशन वीक में डेब्यू के लिए तैयार आलिया

### ऐश्वर्या राय बच्चन सहित ये एक्ट्रेस भी होंगी शामिल



आलिया भट्ट इन दिनों कई वजहों से चर्चा में हैं। अभिनेत्री बहुप्रतीक्षित फिल्म 'जिगरा' में अपने शानदार अभिनय से सिल्वर स्क्रीन पर धमाल मचाने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। वहीं दूसरी ओर आलिया अब आगामी 'पेरिस फैशन वीक 2024' में अपना डेब्यू करने जा रही हैं। 2024 में मेट गाला में शानदार प्रदर्शन के बाद आलिया 23 सितंबर को प्रतिष्ठित प्लेस डे ल'ओपेरा में रनवे पर वॉक करेंगी। रिपोर्ट्स के मुताबिक, आलिया भट्ट 'पेरिस फैशन वीक 2024' में अपना डेब्यू करेंगी। वह 23 सितंबर को प्लेस डे ल'ओपेरा में रनवे पर चलेंगी। आलिया के साथ ऐश्वर्या राय बच्चन, लीला बेख्ती, मैरी बौचेट, सिंडी ब्रूना, वियोला डेविस, जेन फोंडा, लूमा ग्रोथ, केंडल जेनर, लिया केबेडे, अजा नाओमी किंग, ईवा लोंगोरिया, एंडी मैकडॉवेल, बेबे वियो और यसेल्ट शामिल होंगी। पेरिस फैशन वीक 2024' महिला सशक्तिकरण और बहनचारे का जश्न मनाएगा। 2017 के बाद से सातवीं बार, ले डिफाइल 'वॉक योर वर्थ' बहनचारे और अत्याधुनिक सौंदर्य विशेषज्ञता और फैशन के बीच तालमेल का जश्न मनाएगा। इस साल की रनवे थीम, 'वॉक योर वर्थ', अत्याधुनिक फैशन और सौंदर्य के बीच तालमेल को प्रदर्शित करेगी और दुनिया भर की महिलाओं के बीच एकजुटता को बढ़ावा देगी। इस इवेंट के लिए अपनी उत्सुकता व्यक्त करते हुए, आलिया भट्ट ने एक बयान में कहा, ₹पहली बार हमेशा खास होता है और पेरिस फैशन वीक में लोरियल पेरिस के साथ ले डिफाइल के लिए वॉक करना मेरे लिए बेहद सम्मान की बात है। ऐसी प्रेरक, शक्तिशाली और आत्मविश्वासी महिलाओं के बीच होना मेरे लिए गर्व का क्षण है और मैं इस मंच पर उनके साथ जुड़ने का इंतजार नहीं कर सकती जो बहनचारे और सशक्तिकरण का जश्न मनाता है। आलिया 'जिगरा' की रिलीज के लिए तैयार हैं। फिल्म में वेदांग रैना भी हैं और यह 11 अक्टूबर, 2024 को रिलीज होगी। फिल्म का निर्देशन वासन बाला ने किया है और इसे करण जौहर के धर्मा प्रोडक्शंस और आलिया भट्ट के इटरनल सनशाइन प्रोडक्शंस ने प्रोड्यूस किया है। इसके अलावा, आलिया भट्ट के पास वाईआरएफ की 'अल्फा' पाइपलाइन में है, जिसमें वह शरवरी वाघ के साथ नजर आएंगी। वह संजय लीला भंसाली की 'लव एंड वॉर' में रणबीर कपूर और विक्की कौशल के साथ भी नजर आएंगी।

# अजय देवगन और वाणी कपूर की फिल्म रेड 2 फरवरी 2025 में होगी रिलीज




2018 में रेड के साथ दर्शकों का दिल जीतने के बाद, अजय देवगन आईआरएस अधिकारी, अमय पटनायक (अजय देवगन) के रूप में वापसी करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। राजकुमार गुप्ता द्वारा निर्देशित और भूषण कुमार, कुमार मंगत पाठक, अभिषेक पाठक और कृष्ण कुमार द्वारा निर्मित, रेड 2, अगले साथ 21 फरवरी 2025 को रिलीज होगी। अजय देवगन के साथ, फिल्म में वाणी कपूर मुख्य भूमिका में हैं, रितेश देशमुख खलनायक की भूमिका में हैं, और रजत कपूर महत्वपूर्ण भूमिका में हैं। दिल्ली और लखनऊ में बड़े पैमाने पर शूट की गई, रेड 2 एक और एड्रेनालाईन से भरी सवारी का वादा करती है। निर्माताओं ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट के साथ रिलीज की तारीख की घोषणा की। पहला भाग 1980 के दशक में सरदार इंदर सिंह पर आयकर विभाग के अधिकारियों द्वारा की गई वास्तविक जीवन की आयकर छापेमारी पर आधारित था, जो भारतीय इतिहास में सबसे लंबी छापेमारी थी, जो तीन दिन और दो रात तक चली थी। रेड 2 का निर्माण भूषण कुमार, कुमार मंगत पाठक, अभिषेक पाठक और कृष्ण कुमार ने किया है। फिल्म को गुलशन कुमार और टी-सीरीज ने प्रस्तुत किया है और यह पैनोरमा स्टूडियोज का प्रोडक्शन है। फिल्म को पहले इस साल 15 नवंबर को रिलीज किया जाना था। अब इसे 21 फरवरी, 2025 तक के लिए टाल दिया गया है।

# आईएसएल : मोहन बागान और मुम्बई सिटी के बीच मुकाबले के साथ शुरू होगा नया सीजन



- मोलिना ने मीडिया डे के दौरान आईएसएल से साक्षात्कार में कहा, "मैं 2016 के बाद आईएसएल में वापस आकर बहुत उत्साहित हूं। मोहन बागानभारत के सर्वश्रेष्ठ क्लबों में से एक है और हमेशा आईएसएल चैंपियनशिप के लिए संघर्ष करता रहता है।

एजेंसी

**कोलकाता :** मोहन बागान सुपर जायंट और मुम्बई सिटी एफसी के बीच शुक्रवार, शाम कोलकाता के विवेकानंद युवा भारती क्रीड़ांगन (वीवाईबीके) में खेले जाने वाले दमदार मुकाबले से इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) 2024-25 सीजन की शुरुआत होगी।मोहन बागान ने 2020-21 और 2021-22 सीजन के शुरुआती मुकाबले केरला ब्लास्टर्स एफसी के खिलाफ जीते थे लेकिन मुम्बई के खिलाफ उन्हें अपना रिकॉर्ड सुधारने की जरूरत है, क्योंकि उन्होंने अब तक अपने 10 मुकाबलों में से केवल एकबार मुम्बई सिटी एफसी को हराया है। हालांकि वो एकमात्र जीत बेहद महत्वपूर्ण थी, जो पिछले सीजन के दौरान अप्रैल में खिताब के निर्णायक मैचमें मिली थी। अपने नए हेड कोच जोस मोलिना के साथ मोहन बागान चैंपियनशिप को बचाने के लिए उत्सुक हैं। मोलिना ने 2016 में एटीके को कोचिंग दी थी और यह भारतीय फुटबॉल के मक्का कहलाने वाले कोलकाता में उनकी वापसी है। मोलिना ने मीडिया डे के दौरान आईएसएल से साक्षात्कार में कहा, "मैं 2016 के बाद आईएसएल में वापस आकर बहुत उत्साहित हूं। मोहन बागानभारत के सर्वश्रेष्ठ क्लबों में से एक है और हमेशा आईएसएल चैंपियनशिप के लिए संघर्ष करता रहता है। इस क्लब का साथ एक बड़ी जिम्मेदारी है।लेकिन मुझे कड़ी मेहनत करके टूर्नामेंट जीतने की उम्मीद है। मेरे यहां आने के बाद से खिलाड़ियों और लीग के स्तर में सुधार हुआ है। मैं यहां फिर सेआकर और भारतीय फुटबॉल को आगे बढ़ाने में योगदान करके बहुत खुश हूं।" चेक कोच पीटर क्रेटकी की देखरेख मुम्बई सिटी एफसी ने 19 आईएसएल मैचों में 68.42% की दमदार आंकड़े के साथ जीत दर्ज की है। पिछले सीजन के बीच में हेड कोच पद संभालने और फिर आइलैंडर्स को आईएसएल कप तक पहुंचाने के बाद क्रेटकी इस बार एक कदम आगे जाकर शील्ड जीतने के लिए उत्सुक हैं। क्रैटकी ने मीडिया डे के दौरान आईएसएल को कहा, "आईएसएल शील्ड जीतना हमेशा एक सपना होता है। हम ट्रॉफी जीतने के लिए फुटबॉल में हैं।मुकाबले अभी शुरू नहीं हुए हैं, लेकिन इस सीजन के लिए भी हमारे उच्च मानक हैं। बतौर कोच, मैं चाहता हूं कि हम हर खेल जीतें। हम इसे हासिलकरने की पूरी कोशिश करेंगे।"

### पेरिस ओलंपिक पर विनेश ने किया दावा, बोलीं- वहां भी राजनीति हुई

**नई दिल्ली :** विनेश फोगाट ने पेरिस ओलंपिक को लेकर बड़ा दावा किया है। उन्होंने भारतीय ओलंपिक संघ की प्रमुख पीटी ऊषा की तरफ से फोटो शेयर किए जाने पर भी कड़ी प्रतिक्रिया दी है। फाइनल में फोगाट को वजन के चलते अयोग्य करार दे दिया गया था। अभी कुछ ही दिन पहले उन्होंने कांग्रेस का दामन थामा है। पार्टी ने उन्हें हरियाणा की जुलाना सीट से टिकट दिया है। जब फोगाट अस्पताल में भर्ती थीं, तब ऊषा उनसे मुलाकात करने पहुंची थीं। उस दौरान फोगाट के साथ तस्वीर भी खिंचाई थी। सोशल मीडिया पर फोटो की खासी चर्चा भी हुई थी। दरअसल, वजन कम करने की कोशिश में फोगाट की तबियत पर असर पड़ा था और उन्हें अस्पताल में भर्ती होना पड़ गया था। अब पहलवान ने आरोप लगाए हैं कि ऊषा ने फोटो शेयर कर राजनीति की है।

# हांगकांग ओपन बैडमिंटन के अंतिम आठ में पहुंचे ओलंपिक चैंपियन एक्सेलसन

एजेंसी



**हांगकांग :** डेनमार्क के विक्टर एक्सेलसन ने गुरुवार को हांगकांग ओपन बैडमिंटन चैंपियनशिप के दूसरे दौर में प्रवेश कर लिया है। उन्होंने चीनी ताइपे के सु ली यांग को शिकस्त दी। पेरिस ओलंपिक के स्वर्ण पदक विजेता दूसरे वरीयता प्राप्त एक्सेलसन ने 24-22, 21-6 से जीत हासिल की और क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई, जहां उनका सम्मानछठी वरीयता प्राप्त चीनी ताइपे के चोउ टीएन चेन से होगा। मैच जीतने के बाद एक्सेलसन ने कहा, ₹ओलंपिक खेलों के बाद मैंने पर्याप्त प्रशिक्षण नहीं लिया। इसलिए लगातार दो मैच जीतना आसान नहीं है। मेरा लक्ष्य अपनी फॉर्म वापस पाना है।₹ गत चैंपियन इंडोनेशिया के जोनाटन क्रिस्टी ने डेनमार्क के रासमस गेमके को 21-12, 21-19 से हराया और उनका अगला मुकाबला पांचवीं वरीयता प्राप्त कोडाई नाराओका से होगा, जिन्होंने अपने जापानी हमवतन ताकुमा ओबायाशी को 19-21, 26-24, 21-11 से हराया। चीन के लेई लांक्सी ने पहला सेट गंवा दिया लेकिन दक्षिण कोरिया के जियोन ह्योक-जिन पर 17-21, 21-16, 21-14 से जीत हासिल की। उनका मुकाबला हांगकांग, चीन के ली चेउक यिउ से होगा। अन्य पुरुष क्वार्टरफाइनल इंडोनेशिया के एंथोनी सिनिसुका गिंटिंग और हांगकांग, चीन के जेसन गुनावान के बीच होगा। महिलाओं में, तीसरी वरीयता प्राप्त चीन के हान यू ने चीनी ताइपे के लियांग टिंग यू को 21-14, 21-13 से हराया। वह अगली बार जापान की पांचवीं वरीयता प्राप्त अया ओहोरी से भिड़ेंगी, जिन्होंने एक सेट से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए हांगकांग, चीन की सलोनी समीरभाई मेहता को 9-21, 21-16, 21-12 से हराया।



# एशियन चैंपियंस ट्रॉफी के सेफा में पहुंची भारतीय हॉकी टीम, मलेशिया को 8-1 रौंदा

एजेंसी

**नई दिल्ली :** भारतीय हॉकी टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए एशियन चैंपियंस ट्रॉफी 2024 के सेमीफाइनल में जगह बना ली है. उन्होंने तीसरे मैच में मलेशिया को मात दी है. उन्होंने मलेशिया को 8-1 से हरा दिया. इस चैंपियंस ट्रॉफी में भारत की तीसरी जीत है. इससे पहले भारत ने पहले मैच में चीन और दूसरे मैच में जापान को हराया. भारत का अगला मैच 2 सितंबर को कोरिया से खेला जाएगा.

### राजकुमार ने लगाई हैट्रिक

भारत के लिए राजकुमार पाल ने इस मैच में शानदार प्रदर्शन किया. उन्होंने इस मैच में हैट्रिक लगाई थी. इसके अलावा अरिजीत सिंह ने दो गोल, हरमनप्रीत सिंह, उत्तम सिंह और जुगराज ने 1-1 गोल किया. राजकुमार ने 3वें, 25वें और 33वें मिनट में तीन गोल दागे थे. इसके अलावा अरिजीत सिंह हुंडल ने भी भारत के लिए इस मैच में 2 गोल दागे. वहीं जुगराज सिंह, हरमनप्रीत सिंह और उत्तम सिंह ने भी 1-1-1 गोल किया.

### अंक तालिका में भारत नंबर 1

एशियन चैंपियंस ट्रॉफी के पॉइंट्स टेबल पर भारत पहले नंबर पर मौजूद है. भारत ने तीन मैचों मे जीत हासिल की है. इसके साथ ही भारतीय हॉकी टीम के 9 अंक हो गए है. इसके अलावा प्वाइंट टेबल में दूसरे नंबर पर पाकिस्तान की हॉकी टीम है. पाकिस्तान ने अभी तक इस टूर्नामेंट में 3 मैच खेले हैं, जिसमें टीम को 1 जीत हासिल हुई है. इसके अलावा एक मैच ड्रॉ रहा था. फिलहाल पाकिस्तान के 5 अंक है. इसके अलावा मलेशिया की तरफ से एकमात्र गोल अखिमुल्लाह अनुवर ने किया था. अखिमुल्लाह अनुवर ने 34वें मिनट में अपनी टीम के लिए एक गोल दागा था. इसके अलावा मलेशिया की तरफ से कोई खिलाड़ी गोल नहीं कर पाया था. बता दें, टॉप-4 में रहने वाली चार टीमें सेमीफाइनल में पहुंचेंगी.

# तीन रात सड़कों पर, लगातार चौथे दिन स्वास्थ्य भवन के बाहर जूनियर डॉक्टरों का विरोध प्रदर्शन जारी

एजेंसी

**कोलकाता।** आरजी कर कांड में न्याय की मांग पर स्वास्थ्य भवन के बाहर धरने पर बैठे जूनियर डॉक्टरों का आंदोलन शुक्रवार को लगातार चौथे दिन जारी है। तीन रात सड़कों पर गुजरने के बाद शुक्रवार सुबह से ही एक बार फिर डॉक्टरों ने नारेबाजी शुरू कर दी है। मंगलवार और बुधवार के बाद गुरुवार को भी जूनियर डॉक्टरों और राज्य सरकार के बीच शर्तों की पेचिदगियों की वजह से बैठक नहीं हो पाई। जूनियर डॉक्टरों के साथ प्रशासन की बैठक गुरुवार रात राज्य सचिवालय में भारी हंगामे और नाटकीय घटनाक्रम की वजह से एक बार फिर विफल रही। मुख्य सचिव मनोज पंत ने गुरुवार को आंदोलनकारियों को एक मेल भेजा, जिसमें कहा गया कि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी भी बैठक में उपस्थित रहेंगी, लेकिन




बैठक का सीधा प्रसारण नहीं किया जाएगा। इस शर्त को मानने से इनकार करने के बाद बैठक में गतिरोध पैदा हो गया।

लगभग दो घंटे के इंतजार के बाद ममता बनर्जी नवान्न से निकल गईं और आंदोलनकारी डॉक्टर स्वास्थ्य भवन लौट आए। उन्होंने साफ किया कि उनका आंदोलन जारी रहेगा। डॉक्टरों ने कहा कि वे जरूरत पड़ने पर और 33 दिनों तक सड़क पर रह सकते हैं। दूसरी ओर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा कि वह अपना इस्तीफा देने के लिए तैयार हैं। उन्होंने डॉक्टरों पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि डॉक्टरों को अभया के लिए न्याय नहीं बल्कि कुर्सी चाहिए जबकि वह (सीएम) न्याय चाहती हैं।

ममता बनर्जी और जूनियर डॉक्टरों के बीच बैठक की संभावनाएं समाप्त हो गईं। मंगलवार को नवान्न की ओर से मेल कर जूनियर डॉक्टरों को बैठक के लिए बुलाया गया था। आंदोलनकारियों ने मेल को अपमानजनक बताया। इसके बाद बुधवार को फिर मेल आया, लेकिन डॉक्टरों ने चार शर्तें रखीं, जिनमें मुख्यमंत्री की उपस्थिति और बैठक का सीधा प्रसारण शामिल था। मुख्य सचिव ने स्पष्ट किया कि बैठक का सीधा प्रसारण नहीं होगा, लेकिन मुख्यमंत्री मौजूद रहेंगी। इस पेचीदा स्थिति के बीच, जूनियर डॉक्टरों का 32 सदस्यीय प्रतिनिधि दल गुरुवार शाम को नवान्न की ओर रवाना हुआ। हालांकि नवान्न ने केवल 15 लोगों को बैठक में आमंत्रित किया था, फिर भी 32 डॉक्टर पहुंचे। इनमें से दो वीडियोग्राफर भी थे। सभी को नवान्न के सभागार में प्रवेश की अनुमति दी गई, लेकिन डॉक्टरों ने बैठक में प्रवेश नहीं किया। उनका सीधा प्रसारण की शर्त पर अड़े रहने के कारण बैठक नहीं हो सकी।

मुख्य सचिव मनोज पंत, गृह सचिव नंदिनी चक्रवर्ती, राज्य पुलिस के डीजी राजीव कुमार सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी डॉक्टरों से बातचीत के लिए आए, लेकिन डॉक्टर अपने रुख पर अड़े रहे। इसके बाद राज्य सरकार ने पत्रकारों को बताया कि डॉक्टरों की शर्तों को स्वीकार नहीं किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने भी प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा कि कुछ लोग न्याय नहीं, बल्कि सत्ता की कुर्सी चाहते हैं। प्रेस कॉन्फ्रेंस में आंदोलनकारी डॉक्टरों ने कहा कि वे कुर्सी नहीं, बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं और न्याय चाहते हैं। उन्होंने स्पष्ट कर दिया है कि आवश्यकता पड़ने पर और 33 दिन धरने पर बैठे रहेंगे लेकिन पीछे नहीं हटेंगे।

## न्यूज IN ब्रीफ

### क्टर्स-पुलिस अधीक्षक कांफ्रेंस : मुख्यमंत्री साय की अध्यक्षता में दूसरे दिन की समीक्षा बैठक शुरू

**रायपुर।** मुख्यमंत्री साय की अध्यक्षता में कलेक्टर-एसपी कॉन्फ्रेंस के दूसरे दिन की समीक्षा बैठक 10 बजे से शुरू हो गई है। बैठक में मुख्य सचिव, पुलिस महानिदेशक, संभागायुक्त, पुलिस महानिरीक्षक, कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद हैं। इस बैठक में प्रदेश के जिलों में कानून व्यवस्था सहित अपराधों की रोकथाम के लिए किए जा रहे कार्यों की समीक्षा होगी। साथ ही जिलों में कानून और व्यवस्था सहित अपराधों की रोकथाम के लिए किए जा रहे कार्यों की होगी समीक्षा साथ ही भविष्य में पुलिसिंग को और अधिक विश्वसनीय, पारदर्शी व उत्तरदायी बनाने की दिशा में किए जा सकने वाले सुझावों पर चर्चा की जाएगी ।

### कानपुर: सड़क किनारे मिला युवक का शव

**कानपुर।** साढ़ थाना क्षेत्र के दरगाहीलाल पुल के पास शुक्रवार को एक युवक का शव मिला है। सूचना पर पहुंची पुलिस टीम ने शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। मौके पर फॉरेंसिक टीम भी पहुंची है। पुलिस कहना है कि प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है। हालांकि मृत्यु का स्पष्ट कारण जानने के लिए पोस्टमार्टम कराया जाएगा। सहायक पुलिस आयुक्त रंजीत कुमार ने बताया कि साढ़ थाना क्षेत्र के राजपुर गांव निवासी शिव सागर सिंह (40) पुत्र जय प्रताप का शव आज दरगाहीलाल पुल के पास मिला है। स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस टीम ने शव कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। मौके पर फॉरेंसिक टीम भी पहुंचकर साक्ष्य जुटाए गए हैं। पुलिस कहना है कि जांच के दौरान प्रथम दृष्टया ऐसा प्रतीत हो रहा है कि उसकी मृत्यु कोई जहरीला पदार्थ खाने से हुई है। हालांकि मृत्यु का स्पष्ट कारण जानने के लिए पोस्टमार्टम कराया जाएगा, शव का पंचनामा करके विधिक कार्रवाई की जा रही है।

### मिस स्विट्जरलैंड फाइनलिस्ट क्रिस्टीना जोक्सिमोविच की हत्या, पति ने गला घोंटा, शव के टुकड़े कर मिक्सी में पीसा

**बर्न (स्विट्जरलैंड)।** मिस स्विट्जरलैंड की पूर्व फाइनलिस्ट और मॉडल क्रिस्टीना जोक्सिमोविच नहीं रहीं। उनके पति थॉमस ने उन्हें बेरहमी से मौत के घाट के उतार दिया। पहले गला घोंटा। इसके बाद शव के टुकड़े कर उन्हें मिक्सी में डालकर पीस दिया। यह खुलासा स्विट्जरलैंड पुलिस ने कई माह की लंबी जांच के बाद 48 घंटे पहले बुधवार को अदालत में किया। थॉमस जेल की सलाखों के पीछे है। थॉमस और क्रिस्टीना से दो संतान (पुत्रियां) हैं। न्यूयॉर्क पोस्ट की खबर के अनुसार, 38 वर्षीय क्रिस्टीना जोक्सिमोविक स्विट्जरलैंड के बेसल शहर के पास बिनिंगेन में परिवार (पति और दो पुत्रियों) के साथ रहती थीं। 13 फरवरी को उनकी मौत हो जाने की सूचना पुलिस को मिली। इसके बाद 41 वर्षीय उनके पति थॉमस से पूछताछ की गई। पहले तो इधर-उधर करता रहा। कड़ाई से पूछताछ में उसने गुनाह कुबूल कर लिया। उसे हिरासत में लेकर जांच शुरू की गई। 11 सितंबर को लुसाने में देश की संघीय अदालत ने उसकी जमानत याचिका खारिज कर दी। अभियोजन पक्ष के इस हत्याकांड के तौर-तरीके सुनकर लोग सन्न रह गए। अदालत ने जमानत याचिका खारिज करते हुए लिखा कि ऐसा कोई मानसिक रूप से बीमार व्यक्ति ही कर सकता है। क्रिस्टीना जोक्सिमोविच के बेजान शरीर को आरा, चाकू और बगीचे की कैंची से टुकड़े-टुकड़े किया गया। इसके बाद कुछ टुकड़ों को पीसकर उसमें रासायनिक घोल मिला दिया गया। उल्लेखनीय है कि जोकसिमोविक मिस नॉर्थवेस्ट स्विट्जरलैंड रह चुकी हैं। उन्होंने 2007 में मिस स्विट्जरलैंड फाइनलिस्ट जगह बनाई थी। इसके बाद उन्होंने कैटवॉक कोच के रूप में करियर शुरू किया। 2013 में मिस यूनिवर्स प्रतियोगिता के आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### सराफा बाजार में गिरावट से सस्ता हुआ सोना, चांदी की भी फीकी पड़ी चमक

**नई दिल्ली।** घरेलू सराफा बाजार में गिरावट का रुख नजर आ रहा है। इस गिरावट के कारण देश के ज्यादातर सराफा बाजारों में 24 कैरेट सोना शुक्रवार को 73,290 रुपये से लेकर 73,140 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना भी आज 67,190 रुपये से लेकर 67,040 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। सोने की तरह चांदी के भाव में भी आज गिरावट दर्ज की गई है। कीमतों में आई गिरावट के कारण दिल्ली सराफा बाजार में आज चांदी की कीमत 86,400 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर पहुंच गई है। देश की राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट सोना आज 73,290 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 67,190 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं, देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 73,140 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 67,040 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 73,190 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 67,090 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 73,140 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 67,040 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में भी 24 कैरेट सोना 73,140 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 67,040 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर आ गया है।

# ड्रग इंस्पेक्टर ही करवा रहा था ड्रग्स तस्करी, गिरफ्तार

एजेंसी

**चंडीगढ़।** पंजाब पुलिस की एंटी नारकोटिक्स फोर्स ने मोहाली में ड्रग्स तस्करों से मिलीभगत कर तस्करी की गतिविधियों में शामिल होने के आरोप में ड्रग्स इंस्पेक्टर को गिरफ्तार किया है। आरोपित के ठिकानों से डेढ़ करोड़ रुपये की नगदी जब्त की गई है। पंजाब पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने शुक्रवार सुबह ट्वीट करके यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आरोपित ड्रग इंस्पेक्टर अवैध रूप से काम करने वाले केमिस्टों, मेडिकल स्टोर मालिकों तथा कुछ निजी कंपनियों के साथ मिलकर नशीली दवाओं के अवैध कारोबार में लिप्त था। उन्होंने बताया कि पंजाब पुलिस ने नशा तस्करी में शामिल ड्रग इंस्पेक्टर शीशन मित्तल को गिरफ्तार किया है। एंटी-नारकोटिक्स टास्क फोर्स (एएनटीएफ) ने उसे मोहाली से गिरफ्तार किया। डीजीपी के

### पंजाब पुलिस ने डेढ़ करोड़ की नगदी पकड़ी

अनुसार आरोपित जेलों में बंद गैंगस्टरों के सीधे संपर्क में था। वह बाहर रह कर उनके ड्रग नेटवर्क को मदद पहुंचाता था। वह अवैध दवाइयों, मेडिकल स्टोर से जुड़े ड्रग तस्करी के कामों में मदद कर रहा था। मामले की जांच के दौरान आरोपित के 24 बैंक खातों की पहचान की गई है, जिनमें 7.09 करोड़ रुपए मिले हैं। सभी बैंक अकाउंट को फ्रीज कर दिया है। इसके अलावा, दो बैंक लॉकर भी जब्त किए गए। उसे एएनटीएफ ने 1.49 करोड़ नकद, 260 ग्राम सोना और विदेशी मुद्रा बरामद की। जांच में सामने आया है कि आरोपित ने अवैध तरीके से काफी संपत्ति बनाई हुई है। उसने जीरकपुर और डबवाली में 2.40 करोड़ मूल्य की अचल संपत्ति बनाई है।

# पश्चिम बंगाल के राज्यपाल बोस ने की मुख्यमंत्री के सामाजिक बहिष्कार करने की घोषणा

एजेंसी

**कोलकाता ।** आरजी कर अस्पताल की घटना के बाद पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सीवी आनंद बोस ने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का सामाजिक बहिष्कार करने की घोषणा की है। राज्यपाल ने गुरुवार शाम को एक वीडियो संदेश में कहा कि वह अब मुख्यमंत्री के साथ किसी भी सार्वजनिक या सरकारी मंच पर नहीं होंगे। उन्होंने ममता बनर्जी का नाम लिए बिना 'लेडी मैकबेथ' कहकर तंज कसा।

राज्यपाल ने कहा, 'एक राज्यपाल के रूप में मैं आंखें बंद करके नहीं रह सकता। बंगाल की जनता के साथ खड़े होकर मैंने फैसला किया है कि मैं मुख्यमंत्री का सामाजिक बहिष्कार करूंगा। यदि किसी सरकारी कार्यक्रम में मुख्यमंत्री मौजूद होंगी, तो मैं वहां नहीं जाऊंगा।'





इस बीच जूनियर डॉक्टरों का आंदोलन स्वास्थ्य भवन के सामने जारी है। वे सरकार से बातचीत की मांग कर रहे हैं। हालांकि कई दौर की बातचीत के बावजूद कोई सकारात्मक परिणाम नहीं निकला है। गुरुवार को नवान्न में बैठक की योजना बनाई गई, लेकिन विफल रही। राज्यपाल ने वीडियो संदेश में सरकार को स्थिति के लिए जिम्मेदार ठहराया।

बोस ने कहा, मेरे अनुसार, राज्य सरकार समाज और पीड़िता के माता-पिता की भावनाओं को समझने में असफल रही है। नवान्न सच को छिपा नहीं सकता। आप कुछ लोगों को कुछ समय के लिए बेवकूफ बना सकते हैं, लेकिन सभी को हमेशा के लिए नहीं। राज्यपाल ने कानून-व्यवस्था और स्वास्थ्य व्यवस्था पर भी सवाल उठाए। उन्होंने सीधे तौर पर गृहमंत्री और स्वास्थ्य मंत्री जो कि स्वयं मुख्यमंत्री ममता बनर्जी हैं, को इन स्थितियों के लिए जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने कहा, ₹स्वास्थ्य मंत्री, जो कि गृह मंत्री और मुख्यमंत्री भी हैं, राज्य में कानून-व्यवस्था और स्वास्थ्य सेवाओं को संभालने में विफल रहे हैं।

राज्यपाल ने कोलकाता पुलिस कमिश्नर की भूमिका पर भी नाराजगी जताई और उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की।उन्होंने कहा, आंदोलनकारियों द्वारा पुलिस कमिश्नर के खिलाफ लगाए गए आरोपों से मैं आहत हूं और उनकी भूमिका पर मुझे शर्म आती है। उनके खिलाफ आपराधिक कार्रवाई की जानी चाहिए।

### देश में बारिश से सामान्य जनजीवन बेहाल

# दिल्ली-एनसीआर तरबतर, उत्तराखंड में केदारनाथ यात्रा रोकी गई

एजेंसी

**नई दिल्ली।** देश के अधिकांश हिस्सों में बरसात से सामान्य जनजीवन बेहाल है। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली और आसपास का इलाका बरसात से तरबतर है। पिछले 48 घंटे से कभी मध्यम तो कभी तेज बरसात हो रही है। आज भी दिल्ली-एनसीआर को कोई राहत मिलती नहीं दिख रही। उत्तराखंड में तो आज बारिश कहर बरपा सकती है। भारत मौसम विज्ञान विभाग का पूवार्नुमान यही संकेत दे रहा है। खराब मौसम की वजह से गुरुवार को केदारनाथ यात्रा रोक दी गई।

### इन राज्यों को चेताया गया

भारत मौसम विज्ञान विभाग ने आज दिल्ली के लिए येलो, उत्तराखंड के लिए रेड, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल ओडिशा, मिजोरम, नगालैंड, मणिपुर और त्रिपुरा के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। विभाग ने मानसून के बारे में एक तात्कालिक चेतावनी जारी की है। इसमें कहा गया है कि मौजूदा मौसम प्रणाली अगले नौ घंटों तक उत्तर भारत के क्षेत्र को प्रभावित करेगी। राजस्थान में धौलपुर और आसपास के क्षेत्र में लगातार हो रही बारिश के कारण पार्वती बांध के 10 गेट खोल दिए गए हैं। इससे 50 गांव संकट से घिर गए हैं।

### मानसून की वापसी अगले हफ्ते से संभव

मौसम विज्ञान विभाग का पूवार्नुमान है कि आज दिल्ली में दिन भर बादल छाए रहेंगे। अधिकांश हिस्सों में बारिश होती रहेगी। इस दौरान 25 से 35 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चल सकती है। अधिकतम तापमान 31 और न्यूनतम 21 डिग्री सेल्सियस रह सकता है। विभाग का कहना है कि देश को अगले सप्ताह से कुछ राहत मिलेगी। मौसम विज्ञानियों का मानना है कि दक्षिण-पश्चिम मानसून 19 से 25 सितंबर के बीच देश से लौटने लगेगा।यह आमतौर पर पहली जून तक केरल में प्रवेश करता है और आठ जुलाई तक पूरे देश में पहुंच जाता है। यह 17 सितंबर के आसपास उत्तर-पश्चिम भारत से हटना शुरू हो जाता है। 15 अक्टूबर तक पूरी तरह लौट जाता है।

### 48 घंटे में 47 लोगों की मौत

देश के अलग-अलग हिस्सों में भारी बारिश ने 48 घंटों में 47 लोगों की जान ली। इनमें उत्तर प्रदेश में 32, मध्य प्रदेश में 11 और राजस्थान में चार लोग काल-कलवित हुए। उत्तराखंड में केदारनाथ यात्रा रोकने के साथ प्रदेश में आज 12वीं कक्षा तक के सभी स्कूलों को बंद रखने का आदेश दिया गया है। विभाग ने अभी तीन दिन और हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड समेत 14 राज्यों में भारी बारिश की चेतावनी जारी की है।

### तीन दिन भारी बारिश की चेतावनी

भारत मौसम विज्ञान विभाग ने आगामी तीन दिन तक उत्तर से लेकर पूर्वोत्तर के राज्यों में अलग-अलग स्थानों पर भारी से बहुत अधिक बारिश की चेतावनी दी है। इन प्रदेशों में उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, हिमाचल, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, असम, मेघालय, नगालैंड, मणिपुर, मिजोरम, त्रिपुरा, पश्चिम बंगाल, ओडिशा और झारखंड शामिल हैं।

### सोनप्रयाग में 2500 यात्री फंसे

उत्तराखंड के रुद्रप्रयाग जिले में भारी बारिश की वजह से कल केदारनाथ पैदल मार्ग को बंद करना पड़ा। सुरक्षा के दृष्टिगत केदारनाथ धाम से किसी को नीचे नहीं भेजा गया। यात्रा बंद होने के कारण सोनप्रयाग में लगभग 2,500 यात्री फंसे हुए हैं। राज्य में बारिश और भूस्खलन के कारण 168 मार्ग बंद हैं। इसमें राष्ट्रीय राजमार्ग, राज्य मार्ग, बार्डर रोड से लेकर ग्रामीण मोटर मार्ग शामिल हैं। मौसम विज्ञान केंद्र ने देहरादून, हरिद्वार, पौड़ी, बागेश्वर, नैनीताल, चंपावत और ऊधमसिंह नगर जिले के अधिकतर हिस्सों में भारी बारिश का रेड अलर्ट जारी किया है। अन्य जिलों के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। हिमाचल प्रदेश के 12 में से पांच जिलों में आज के लिए यलो अलर्ट जारी किया गया है।

### येलो अलर्ट

भारत मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार, यलो अलर्ट मौसम बिगड़ने की संभावना को देखते हुए जारी किया जाता है। इसके तहत लोगों को लगातार मौसम का अपडेट लेने की सलाह दी जाती है।

### ऑरेंज अलर्ट

ऑरेंज अलर्ट तब जारी किया जाता है, जब मौसम का स्तर अधिक गड़बड़ होता है। इस स्थिति में आंधी-तूफान व तेज बारिश की भी संभावना होता है। लोगों को अनावश्यक रूप से बाहर न निकलने के लिए सतर्क किया जाता है।

### रेड अलर्ट

रेड अलर्ट तब जारी किया जाता है, जब मौसम बहुत अधिक खराब होता है। इसके तहत तेज बारिश होने की संभावना और बादल फटने की आशंका होती है। इस स्थिति में जान-माल का अधिक नुकसान होने की आशंका रहती है। अगर रेड अलर्ट है तो लोगों को घरों से बाहर नहीं निकलना चाहिए।

# बांग्लादेश में अवामी लीग नेता नायब अली गिरफ्तार

**ढाका।** बांग्लादेश के जेनाइदाह-1 निर्वाचन क्षेत्र से अवामी लीग के पूर्व विधायक नायब अली जोर्डर को गिरफ्तार कर लिया गया। रैपिड एक्शन



बटालियन (आरएबी-6) ने उन्हें रात करीब 12:00 बजे शहर के अरप्पुर बस स्टैंड इलाके से गिरफ्तार किया। ढाका से छपने वाले बांग्ला अखबार (अंग्रेजी संस्करण) प्रोथोम अलो ने कहा है कि आरएबी-6 ने एक टेक्स्ट संदेश में उनकी गिरफ्तारी की पुष्टि की है। आरएबी-6 के एक अधिकारी ने बताया है कि आरएबी की एक टीम ने एक अभियान में नायब अली जोर्डर को उसके घर से गिरफ्तार किया। उन्हें हमले, तोड़फोड़ और आगजनी करने के आरोप में दर्ज दो अलग-अलग मामलों में गिरफ्तार किया गया। उन्हें पुलिस को सौंपने की कानूनी प्रक्रिया चल रही है। उल्लेखनीय है कि पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना पांच अगस्त को इस्तीफा देकर देश छोड़ चुकी हैं। तब से बांग्लादेश की कानून प्रवर्तन एजेंसियों ने कई पूर्व मंत्रियों, सांसदों और तत्कालीन प्रधानमंत्री के सलाहकारों को गिरफ्तार किया है। नायब अली को शेख हसीना का करीबी माना जाता है।

### मजबूत शुरूआत के बाद शेयर बाजार में मुनाफावसूली

# सेंसेक्स और निफ्टी ने बनाया ऑल टाइम हाई ओपनिंग का रिकॉर्ड

एजेंसी

**नई दिल्ली।** घरेलू शेयर बाजार में शुक्रवार को शुरूआती कारोबार के दौरान दबाव बना हुआ नजर आ रहा है। आज के कारोबार की शुरूआत ऑल टाइम हाई ओपनिंग का नया रिकॉर्ड बना कर हुई, लेकिन बाजार खुलते ही मुनाफावसूली शुरू होने की वजह से सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांक गिर कर लाल निशान में आ गए। बाजार में लगातार जारी खरीद-बिक्री के बीच शुरूआती 1 घंटे का कारोबार होने के बाद सेंसेक्स और निफ्टी 0.24 प्रतिशत की गिरावट के साथ कारोबार कर रहे थे। शुरूआती 1 घंटे का कारोबार होने के बाद स्टॉक मार्केट के दिग्गज शेयरों में से विप्रो, टाटा स्टील, बीपीसीएल, जेएसडब्ल्यू स्टील और टाटा मोटर्स के शेयर 3.25 प्रतिशत से लेकर 1.13 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे। दूसरी ओर एशियन पेंट्स, आईटीसी, एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस, हिंदुस्तान यूनिलीवर और एचडीएफसी लाइफ के शेयर 1.25 प्रतिशत से लेकर 0.99 प्रतिशत की गिरावट के साथ कारोबार करते नजर आ रहे थे। अभी तक के कारोबार में स्टॉक मार्केट में 2,339 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हो रही थी। इनमें से 1,763 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में कारोबार कर रहे थे, जबकि 576 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 21 शेयर लिवाली के सपोर्ट से हरे निशान में बने हुए थे। दूसरी ओर 9 शेयर बिकवाली के दबाव में लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। जबकि निफ्टी में शामिल 50 शेयरों में से 19 शेयर हरे निशान में और 31 शेयर लाल निशान में कारोबार करते नजर आ रहे थे। बीएसई का सेंसेक्स आज 128.84 अंक की मजबूती के साथ पहली बार 83 हजार अंक के स्तर को पार करके 83,091.55 अंक के स्तर पर खुला। कारोबार की शुरूआत होते ही बिकवाली का दबाव बन जाने की वजह से थोड़ी देर में ही इस सूचकांक ने लाल निशान में गोता लगा दिया। लगातार हो रही बिकवाली के कारण ये सूचकांक गिर कर 82,653.22 अंक के स्तर तक पहुंच गया। हालांकि इसके बाद खरीदारी शुरू हो जाने की वजह से इस सूचकांक की स्थिति में मामूली सुधार जरूर हुआ, इसके बावजूद ये लाल निशान में ही बना रहा। बाजार में लगातार जारी खरीद-बिक्री के बीच शुरूआती 1 घंटे का कारोबार होने के बाद सुबह 10:15 बजे सेंसेक्स 195.37 अंक की कमजोरी के साथ 82,767.34 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा था। सेंसेक्स की तरह एनएसई के निफ्टी ने आज 41.55 अंक की मजबूती के साथ ऑल टाइम हाई ओपनिंग का नया रिकॉर्ड बनाते हुए 25,430.45 अंक के स्तर से कारोबार की शुरूआत की। बाजार खुलते ही मुनाफावसूली शुरू हो जाने की वजह से ये सूचकांक भी थोड़ी देर में ही लाल निशान में गोता लगा कर 25,292.45 अंक के स्तर तक गिर गया। हालांकि इसके बाद खरीदारी शुरू होने से इस सूचकांक की स्थिति में भी मामूली सुधार हुआ।



## झारखंड प्रदेश शौंडिक संघ का वार्षिक स्थापना दिवस सह सम्मान समारोह 29 को

**रांची :** झारखंड प्रदेश शौंडिक संघ के कार्यक्रम प्रभारी उदय साहु ने बताया कि आगामी 29, सितंबर 2024 दिन रविवार को अरगोड़ा स्थित लेक गार्डेन वेंकट हाल में पूर्वाह्न 11 बजे से अपने समाज के सक्रीय कार्यकताओं को उनकी समाज के प्रति समर्पित उपलब्धि पर उन्हें सम्मानित किया जाएगा। जिसमें विशेष रूप से ग्रामीण इलाकों में बसे अंतिम व्यक्ति तक पहुंच कर जो अपने समाज के उत्थान हेतु उत्कृष्ठ योगदान दे रहे हैं वैसे कुछ चुनिंदे लोगों को सम्मानित करने का निर्णय लिया है। आज झारखंड प्रदेश शौंडिक संघ के वरीय उपाध्यक्ष एवं संगठन के मुख्य कार्यक्रम संयोजक सुनील साहु ने चर्चा पर बताया। उपस्थित कार्यक्रम प्रभारी उदय साहु ने कहा कि इस सम्मेलन में सम्मान समारोह के साथ ही स्वास्थ शिविर एवं वैवाहिक परिचय का कार्यक्रम होने जा रहा है। प्रदेश उपाध्यक्ष सह प्रवक्ता बीरेंद्र साहु ने बताया कि हमारे प्रदेश संगठन के अभिभावक सह मुख्य संरक्षक श्री उदय शंकर प्रसाद जी,संरक्षक मंडल में कुमुद प्रसाद साहु उर्फ मंटू बाबू,दिलीप गुप्ता, अरुण गुप्ता, धीरज प्रसाद साहु जी, रमण साहु जी जैसे अनेक लोगों से बात की गई है,साथ ही पूरे प्रदेश संगठन के पदाधिकारीगण एवं कार्यसमिति सदस्यों के साथ कार्यक्रम तैयारी पर चर्चा होगी। कार्यक्रम में सामाजिक विकास को लेकर ग्रामीण परिवेश में रहने वाले सक्रिय सदस्यों की अग्रणी भूमिका के लिए शौंडिक जागरण मंच, पंच परगना सुंडी संघ, पश्चिम बंगाल सुंडी संघ, राष्ट्रिय सुंडी समाज के संगठन के सक्रीय लोगों से भी बात कर उन्हें कार्यक्रम में शामिल किया जाएगा साथ ही इन संगठनो के अध्यक्ष सचिव एवं सक्रिय अगुवा को भी सम्मानित करने पर विचार किया जा रहा है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अखिल भारतीय शौंडिक संघ के राष्ट्रिय महामंत्री श्याम सुन्दर प्रसाद एवम विशिष्ठ अतिथियों में छत्तीसगढ़ प्रदेश शौंडिक समाज के प्रदेश अध्यक्ष शिवरतन प्रसाद गुप्ता, के साथ ही दिल्ली जैसे अनेक प्रदेशों के प्रतिनिधि आ रहे हैं। उसी दिन झारखंड प्रदेश संगठन में पलामू गड़वा के सक्रीय कार्यकताओं को संगठन में दायित्व दिया जायेगा।

## बढैया गांव में करमा पूर्व संध्या का भव्य आयोजन, परंपरा और आधुनिकता का संगम



**चान्हो:** चान्हो प्रखंड के बढैया गाँव में गुरुवार को कर्म पूर्व संध्या का भव्य आयोजन धूमधाम से मनाया गया। इस विशेष अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में आजसू के केंद्रीय सचिव और जिला परिषद सदस्य आशुतोष तिवारी ने फीता काटकर कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन किया। यह आयोजन केंद्रीय सरना समिति द्वारा किया गया था, जिसमें परंपरा और आधुनिकता का अद्भुत मेल देखने को मिला। कार्यक्रम में मांदर की थाप पर ग्रामीणों ने पारंपरिक नृत्य और गीतों के माध्यम से जमकर झूमते हुए अपनी सांस्कृतिक धरोहर को प्रस्तुत किया। इस आयोजन में आदिवासी हितैषी देवकुमार धान, प्रो. रामनारायण भगत, प्रो. सोमरा उरांव और मुखिया चम्पा उरांव सहित दर्जनों गाँवों के खोड़ा और सांस्कृतिक मंडलियाँ उपस्थित थीं। कार्यक्रम का उद्देश्य अपनी सांस्कृतिक परंपराओं को संरक्षित रखते हुए उसे आधुनिकता के साथ जोड़ना था, जिसमें स्थानीय ग्रामीणों और सरना समिति की अहम भूमिका रही। कर्म पूर्व संध्या का यह आयोजन क्षेत्र में सामाजिक एकता और सांस्कृतिक विरासत को बढ़ावा देने वाला साबित हुआ।

## चेहल्लुम मेला में अखाड़ेधारियों ने दिखाए हैरतअंगेज करतब



**मांडर:** मांडर प्रखंड के दुमदुमिया टोंगरी में गुरुवार को चेहल्लुम मेला का भव्य आयोजन किया गया। मेले का उद्घाटन जिला परिषद प्रतिनिधि रबुल अंसारी और मांडर थाना के एसआई अरविंद कुमार ने तलवार भांजकर किया। इस अवसर पर अस्त्र-शस्त्र चालन प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया, जिसमें कई टीमों ने हिस्सा लेकर अपनी अद्वितीय कला का प्रदर्शन किया। चेहल्लुम मेले में आसपास के क्षेत्रों से आए प्रतिभागियों ने अपने-अपने टीम के साथ भाग लिया। मुख्य रूप से कुडू, हिरही लोहरदगा, सुकुरहुटू कांके, और पेम नगर नगड़ी की टीमों ने अस्त्र-शस्त्र चालन प्रतियोगिता में भाग लेकर दर्शकों को रोमांचित कर दिया। अखाड़ेधारियों ने तलवार, लाठी और अन्य शस्त्रों का उपयोग करते हुए एक से बढ़कर एक हैरतअंगेज करतब दिखाए, जो दर्शकों के बीच चर्चा का विषय बना। प्रतियोगिता के अंत में सभी प्रतिभागियों को जिला परिषद प्रतिनिधि रबुल अंसारी और सेंट्रल मोहर्रम कमेटी मलती की ओर से सांत्वना पुरस्कार स्वरूप नगद राशि, गैस सिलेंडर, और तलवार भेंट की गई। इस आयोजन में पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि शफीक अंसारी, मोहर्रम कमेटी मलती के सदर जुमाउद्दीन अंसारी, माशूक अली, सगीर अंसारी, फारूक अंसारी, इरशाद अंसारी, इम्तियाज अंसारी, हसन अंसारी, शमीम अंसारी और अलीम अंसारी समेत हजारों लोग उपस्थित थे। चेहल्लुम मेले में उमड़ी भीड़ और अखाड़ेधारियों द्वारा दिखाए गए कौशल ने इस आयोजन को यादगार बना दिया।

## श्री श्याम नारायण शौण्डिक धर्मशाला दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष बनें उमाशंकर गिरि , पुरानी कमिटी हुई भंग



**चक्रधरपुर:** श्री श्याम नारायण शौण्डिक धर्मशाला दुर्गा पूजा समिति का बुधवार देर रात रामेश्वर विश्वकर्मा की अध्यक्षता में बैठक आयोजित हुई। जहां सर्वसम्मति से पुरानी कमिटी को भंग कर नई कमिटी का गठन किया गया। इस दौरान पुरानी कमिटी के द्वारा वर्ष 2023-24 का आय-व्यय का विवरण प्रस्तुत किया गया। वहीं सर्वसम्मति से गिरिराज सेना प्रमुख उमाशंकर गिरि को एक बार फिर से श्री श्याम नारायण शौण्डिक धर्मशाला दुर्गा पूजा समिति का अध्यक्ष बनाया गया। जबकि सचिव सुनिल साव व कोषाध्यक्ष राजेश्वर प्रसाद बनाये गए। मनोनीत पदाधिकारी - अध्यक्ष-उमाशंकर गिरि, सचिव-सुनिल साव, उपाध्यक्ष-प्रमोद कुमार विश्वकर्मा, चमनलाल, राजदीप पोद्दार, उषा देवी, सह सचिव-ज्योति साहु, रीना राय चैधरी, हरि शर्मा, संजीव अधिकारी, कोषाध्यक्ष-राजेश्वर प्रसाद, मुरारी पाठक, सह कोषाध्यक्ष-सुभाष तिवारी, राजेश तिवारी, संरक्षक के तौर पर प्रेमलाल विश्वकर्मा, कालों बोस, सज्जन देवी, बनवारी लाल अग्रवाल, कृपा लाल विश्वकर्मा, रामेश्वर विश्वकर्मा, मनसा साव को बनाया गया।

# झारखंड प्रशासनिक सेवा के अधिकारी आंदोलनरत, काला बिल्ला लगाकर किए काम




**मेट्रो रेज**

**सिमडेगाः** झारखंड प्रशासनिक सेवा संघ के आह्वान पर झारखंड सरकार द्वारा आईएएस चयन द्वारा नियुक्ति विनियम अंतर्गत गैर राज्य असैनिक सेवा के पदों को उप समाहर्ता के पद की समकक्षता संबंधी घोषणा के विरोध के अपने आंदोलन के पहले चरण में आज झारखंड प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों ने काला बिल्ला लगाकर ड्यूटी की।

झारखंड प्रशासनिक सेवा संघ के पदाधिकारियों ने कहा कि हमारी लंबित मांगों के प्रति सरकार के उदासीन रवैया के विरोध में झारखंड प्रशासनिक सेवा संघ जिला इकाई सिमडेगा के पदाधिकारी दिनांक 12.9.2024 एवं 13.09.2024 को काला बिल्ला लगाकर कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि हमारी मांगों के प्रति कोई ठोस प्रगति नहीं होने पर संघ के पदाधिकारी चरणबद्ध आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। झा.प्रा.से. संघ जिला इकाई, सिमडेगा कहा गया कि झारखंड प्रशासनिक सेवा की सेवा पुनर्गठन के नाम पर बिहार प्रशासनिक सेवा का हूबहू मॉडल हम पर थोपा जा रहा है। झारखंड संघ शासनिक सेवा का पुनर्गठन चाहती है परंतु यह बिहार मॉडल पर आधारित नहीं होना चाहिए। सेवा संरचना का सुधार कर उसे बेहतर बनाने के स्थान पर राज्य सरकार द्वारा गैर राज्य आसानी से सेवा के पदाधिकारी को भारतीय प्रशासनिक सेवा में प्रोन्नति देने की अर्हता को शांत किया गया है। जिसके तहत संघ द्वारा विरोध प्रदर्शन करते हुए कैबिनेट के निर्णय को निरस्त करने की मांग करती है। इस संबंध में संघ द्वारा उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह को ज्ञापन सौंपा गया।

# सदर अस्पताल में डॉक्टर की उपलब्धता एवं व्यवस्था में जल्द सुधार हो : श्रद्धानन्द



**सिमडेगा :** सिमडेगा सदर अस्पताल में मरीज को देखने गए भाजपा नेता श्रद्धानंद बेसरा ने अस्पताल में देखा कि ओटीपी रूम के बाहर काफी लंबी लाइन में डॉक्टर को दिखाने के लिए मरीज खड़े हैं , बेसरा ने ओटीपी रूम में जाकर देखा वहां मरीज को देखने के लिए कोई भी डॉक्टर उपलब्ध नहीं है। लाइन में क्रमबद्ध खड़े लोगों से बेसरा ने पूछताछ किया तो पता चला डॉक्टर साहब के उपस्थित नहीं रहने से वे घंटों लाइन में खड़े हैं।

इस संबंध में बेसरा ने पूछताछ अच्छा किया तो पता चला कि जो डॉक्टर ओटीपी रूम में बैठा हुआ था वही डॉक्टर पोस्टमार्टम करने गया हुआ है , पोस्टमार्टम रिपोर्ट भी तैयार कर रहा है, और पता चला कि कोर्ट में भी गवाह के रूप में पेशी के लिए गया हुआ है।

इस तरह का व्यवस्था को देख उपरोक्त संबंध में श्री बेसरा ने सिविल सर्जन से मुलाकात किया एवं डॉक्टर उपलब्ध कराने के लिए आग्रह की ताकि मैरिज अपना उपचार करवा सके।

सिविल सर्जन ने डॉक्टरों की कमी को बताते हुए कहा कि अस्पताल में डॉक्टरों की कमी है अभी मैं नया-नया आया हूं और मेरी कोशिश रहेगी की आने वाले दिनों में मरीज को बेहतर सुविधा देने के लिए भरसक प्रयास करूंगा। बेसरा ने सिविल सर्जन महोदय से यह भी कहा कि इस क्षेत्र में दुर्घटनाएं प्रत्येक दिन होते रहती है और संपूर्ण सुविधा उपलब्ध नहीं रहने के कारण दुर्घटनाग्रस्त मरीजों को रेफर कर दिया जाता है। अगर इसके संबंध में सदर अस्पताल सिमडेगा में बेहतर इलाज की व्यवस्था हो जाता तो बहुत से एक्सीडेंट ग्रस्त व्यक्तियों का जान बच सकता है।

फिलहाल बता दें की हड्डी से संबंधित एक ही डॉक्टर है। एवं बेहतर व्यवस्था नहीं होने के कारण मरीज को यहां से रेफर कर दिया जाता है।

मौके पर भारतीय जनता पार्टी के कैसे प्रखंड के अध्यक्ष मांनकी लाल जी उपस्थित थे।

### झामुमो कार्यकर्ताओं व झारखंड आंदोलनकारीयों की हुई बैठक

## राजनीति में आने का एकमात्र उद्देश्य जनता की सेवा : अनिल



**सिल्ली :** बंता विकास भवन में झारखंड मुक्ति मोर्चा के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं व झारखंड आंदोलनकारीयों की एक संयुक्त बैठक रामेश्वर महतो की अध्यक्षता में संपन्न हुआ । बैठक में बतौर अतिथि के रूप में समाजसेवी अनिल सिंह मुंडा उपस्थित थे। इस दौरान बैठक में आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर झामुमो कार्यकत्ताओं और आंदोलनकारीयों ने अपना अपना विचार व्यक्त करते हुए कहा कि मौजूदा समय में राजनीति में बेहतरीन नेतृत्व के लिए ईमानदार, शिक्षित, परिपक्व और परिपूर्ण लोगों की आवश्यकता है। समाजसेवी अनिल सिंह मुंडा ने बैंक ऑफ इंडिया से रिटायरमेंट में 8 साल बाकी रहते पीओ पद से वीआरएस लिया है और क्षेत्र में असहाय परिवारों के श्रद्धा कर्म एंव शादी ब्याह में सहयोग करने के आलावे जनहित में कई काम किए जो सराहनीय है। हम लोगों का प्रयास होगा सिल्ली विस सीट से झामुमो पार्टी का टिकट इनको मिले, हालांकि टिकट देने का काम शीर्ष नेतृत्व तय करता है। वही बतौर अतिथि अनिल सिंह मुंडा ने कहा अगर जनता का आशीर्वाद मिला तो क्षेत्र में निस्वार्थ भावना से जनता का काम करूंगा और इस भावना से कोई भी काम कामयाब होता है। मेरा राजनीति में आने का एकमात्र उद्देश्य लोगों का सेवा करना है। मौके पर बानेश्वर महतो रामपद महतो नागेश्वर महतो प्रहलाद सिंह मुंडा गणेश मुंडा लाल सिंह मुंडा जनक सिंह मुंडा जगदीश सिंह मुंडा बेनी सिंह मुंडा मोती सिंह मुंडा विजय किशोर गोंझु चंद्रशेखर महतो आदि उपस्थित थे।

## स्कूली बच्चों ने भरा जानलेवा गड्ढा

**चान्हो :** रांची-डाल्टेनगंज मुख्य मार्ग एनएच 39 पर सोनचिपी स्थित टाना भगत आवासीय विद्यालय के निकट बने एक बड़े जानलेवा गड्ढे को स्कूली बच्चों ने अपने सामूहिक प्रयास से सीमेंट और गिट्टी से भर दिया। यह गड्ढा फोरलेन सड़क पर बना हुआ था, जिसके कारण बड़ी दुर्घटना की आशंका बनी हुई थी। गड्ढे के साथ-साथ सड़क निर्माण के दौरान उपयोग किया गया सरिया भी बाहर निकल आया था, जिससे स्थिति और खतरनाक हो गई थी। हैरानी की बात यह थी कि इस खतरनाक गड्ढे से मात्र 200 गज की दूरी पर टोलटैक्स केंद्र स्थित है, लेकिन इसके बावजूद नेशनल हाइवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया (एनएचआई) द्वारा इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया गया।

# चतरा जिला में पदस्थापित रहने वाले एसपी राकेश रंजन अपने पदस्थापनाकाल में काफी लोकप्रिय रहें

**बिनय मिश्रा**



**भारतीय** पुलिस सेवा 2017 बैच के लोकप्रिय आईपीएस अधिकारी के रूप मे पहचाने जाने वाले राकेश रंजन की यह विशेषता है कि वे जहां भी पदस्थापित रहें अपने बेहतर कार्य से पुलिस प्रशासन को बेहतर और व्यापक पहचान देने में सफल रहें जो निश्चित तौर पर एक बेहतर पुलिस अधिकारी की यह विशेषता मानी जायेगी। श्री रंजन चतरा जिला में तीसवें पुलिस अधीक्षक के रूप में 6 अगस्त 2021 से लेकर 29 फरवरी 2024 तक लोकप्रिय पुलिस अधीक्षक के रूप में पदस्थापित रहें। इनके पदस्थापना के पश्चात चतरा जिला में नकसलियों के विरूद्ध चली कारगर अभियान काफी सफल रहें और पुलिस के दबिस का ही यह परिणाम रहा कि नक्सलियों को चतरा जिला पुलिस ने खदेड़ दिया और उन्हें बैकफुट पर भेजा और इसी का यह परिणाम है कि आज भी चतरा में जिलावासी राकेश रंजन को बेहतर और जनसरोकर से जुड़े रहने वाले पुलिस अधीक्षक के रूप में जानते और मानते हैं। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि पुलिस अधीक्षक के रूप में राकेश रंजन आम लोगों के साथ सीधा संवाद कर उनके परेशानी समस्या को जानने के साथ ही तत्क्षण उसे दुर करने के लिए हर संभव प्रयास करते थे और आम लोगों के साथ उनका सहज और मिलनसार व्यक्तित्व उन्हें लोकप्रिय और कर्मठ पुलिस अधीक्षक के रूप में ख्याति दिलायी। श्री रंजन इससे पूर्व सरायकेला में भी अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी सह सहायक पुलिस अधीक्षक रह चुके हैं और यह अजीब संयोग और इत्तेफाक भी रहा कि सरायकेला में उन्होंने अपना प्रभार अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी अविनाश कुमार कौ सौंपा और ये दोनों अधिकारी चतरा में भी साथ रहें। पुलिस अधीक्षक राकेश रंजन थें तब अविनाश कुमार डीएसपी चतरा के रूप में पदस्थापित थें। लोकसभा चुनाव में जब देवघर के तत्कालीन पुलिस अधीक्षक अजीत पीटर डुगडुग को हटाया गया तब चुनाव आयोग ने इन्हें लोकसभा चुनाव कराने की गंभीर जवाबदेही भी सौंपी और श्री रंजन अपने जवाबदेही और कर्तव्यनिष्ठा का पूर्ण अनुसरण किया और लोकसभा चुनाव बेहतर और शांतिपूर्वक ढंग से कराने में सफल रहें। ऐसे पुलिस अधीक्षक निश्चित तौर पर अपने बेहतर कार्यों के कारण हमेशा लोकप्रिय और जनप्रिय रहते हैं और इनपर विभाग और राज्य को गर्व भी है।

## मन की बात : नन्हीं नव्या को बनना है विराट कोहली

**मेट्रो रेज**



**रांची :** नन्हीं नव्या वर्मा जेके हैपी फीट की छात्रा है। प्यारी सी दिख रही नाब्या वर्मा भले ही छोटी है लेकिन कुछ करने की इच्छा बेहद बडी है। नाब्या को पढ़ने के साथ-साथ खेलना बेहद पसंद है। खेल वो भी क्रिकेट। उसे भारत के महान क्रिकेटर विराट कोहली पसंदीदा खिलाड़ी हैं और उनके जैसा ही भारत के लिए खेलने का भी मन है। नाब्या जहां पढ़ रही है वह पसंदीदा स्कूल है। बताती है कि जेके हैप्पी फीट में पढ़कर खुश है। जेके हैप्पी फीट की प्रिंसिपल सुमन कुमारी का कहना है कि हमारा स्कूल बच्चों के सर्वांगीण विकास को प्राथमिकता देती है। इसको देखते हुए स्कूल में बच्चों के मानसिक, बौद्धिक के साथ शारीरिक विकास के लिए सारी व्यवस्था है। यही कारण है कि आज राजधानी के जेके हैप्पी फीट बच्चों का सर्वाधिक पसंदीदा स्कूल बन गया है।



## शिक्षक दिवस धूमधाम से मनाया गया

**रांची :** बलदेव सहाय लाइन स्थित फलाही कला केंद्र में शिक्षक दिवस धूमधाम से मनाया गया । इस अवसर पर छात्राओं ने मनमोहक कार्यक्रम प्रस्तुत किया । संस्था के प्रबंधक जेबा नूरी ने छात्राओं को संबोधित करते हुए समाज निर्माण में शिक्षक की भूमिका पर प्रकाश डाला । फलाही कला केंद्र में छात्राओं को 4 महीने का स्पीड कोर्स कराया जाता है । जेबा नूरी ने कहा कि छात्राओं को हूनर देकर रोजगार से जोड़ना मेरा मकसद है। इस मौके पर गुलअफशा, रिया कुमारी, आंचल कुमारी, सोनम, शैका, जारा, हाजरा, रुखसार, आर्ची कुमारी, शहनाज, जोया, साईबा, साइना, फौजिया जरीन, साजदा, फरहीन, जोहरा आदि मौजूद रहे।

## मां पाऊड़ी मंदिर प्रांगण में जंताल पूजा हुआ संपन्न



**ज्योति पाठक**

**प्रति** वर्ष की भांति इस वर्ष भी माँ पाऊड़ी मंदिर प्रांगण में जंताल पूजा हर्षोल्लास के साथ माँ पाऊड़ी की विशेष पूजा अर्चना की गयी। इस अवसर पर आज काफी संख्या में भक्तजन एवं श्रद्धालुगण उपस्थित थे। आज प्रातःकाल से ही पूजा की व्यापक तैयारी मंदिर के पूजारी सुजीत कुमार के द्वारा की गयी और दोपहर बेला में राजबाड़ी से घट को पूजारी, भक्तजनों और श्रद्धालुओं के द्वारा मंदिर लाया गया और माँ की अराधना की गयी तत्पश्चात माँ को खिचड़ी-सब्जी का भोग लगाया गया उसके पश्चात भक्तजनों और श्रद्धालुओं के बीच भोग वितरण किया गया। इस अवसर पर मंदिर प्रांगण मे भक्तजनों के द्वारा की गयी माँ को आराधना देखते ही बनी वो माँ की भक्ति में झूम रहे थे वहीं श्रद्धालुगण जमीन पर लेटकर माँ की अराधना करते रहे। गौरतलब हो कि हर वर्ष पाऊड़ी मंदिर में जंताल पूजा काफी हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है और भक्तजनों की उपस्थिति देखते ही बनती है। आज भोग वितरण कार्यक्रम में विवेक चैधरी, सोनी कुमार, राजेश मोदक के अलावा अन्य लोगों का भी सराहणीय योगदान रहा।

## आरती केरकेट्टा के परिजनों से मिले अमर कुमार बाउरी



**चान्होः** साहिबगंज में उत्पाद विभाग के सिपाही की बहाली के लिए आयोजित दौड़ में भाग लेने के बाद बीमार हुई टांगर निवासी आरती केरकेट्टा की शुक्रवार को रांची के मेदांता अस्पताल में इलाज के दौरान मृत्यु हो गई थी। आरती 31 अगस्त को साहिबगंज के जैप-9 मैदान में सिपाही बहाली के लिए दौड़ में शामिल हुई थी, जहां उसने समय सीमा के भीतर दौड़ पूरी कर ली थी। हालांकि, दौड़ समाप्त करने के तुरंत बाद उसकी तबीयत अचानक बिगड़ गई। उसे तुरंत साहिबगंज के सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया, लेकिन स्थिति में सुधार न होने पर 4 सितंबर को उसे रांची के मेदांता अस्पताल में स्थानांतरित किया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मृत्यु हो गई। इस हृदय विदारक घटना से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है। झारखंड के नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी और भाजपा के युवा नेता सन्नी टोप्पो ने आरती के परिवार से मुलाकात कर अपनी संवेदनाएं व्यक्त कीं। उन्होंने दुःख की इस घड़ी में भाजपा परिवार की ओर से पीड़ित परिवार को हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया।

## गणपति विसर्जन जुलूस में शामिल हुए युवा भाजपा नेता



**चान्हो :** चोरेया में आयोजित गणपति विसर्जन जुलूस में युवा भाजपा नेता टोप्पो ने हिस्सा लिया। क्षेत्र के विकास और समृद्धि की कामना करते हुए टोप्पो ने भगवान गणपति का विधिवत विसर्जन किया। इस मौके पर बड़ी संख्या में ग्रामीणों की उपस्थिति देखी गई, जो उत्साहपूर्वक इस धार्मिक अनुष्ठान में शामिल हुए। गणपति विसर्जन जुलूस के दौरान भाजपा नेता टोप्पो के साथ राकेश मिश्रा, पप्पू तिवारी, मंडल अध्यक्ष अरविंद सिंह, विजय सोनी, अखिलेश गुप्ता और अवधेश गुप्ता जैसे प्रमुख स्थानीय नेता भी मौजूद रहे। जुलूस ने पूरे क्षेत्र में उत्सव का माहौल बना दिया, और श्रद्धालुओं ने भगवान गणपति से क्षेत्र की खुशहाली और उन्नति की प्रार्थना की। समारोह में ग्रामीणों की भारी भीड़ उमड़ी, जो इस धार्मिक और सामाजिक आयोजन का हिस्सा बनी। गणपति विसर्जन के साथ ही चोरेया में भक्तों ने क्षेत्र की प्रगति और सौहार्द की उम्मीदों को और भी बल दिया।